वर्ष : 34 | अंक : 12 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, गुरुवार, 20 मार्च 2025 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल



आप नेता सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का एक और केस

▸ पेज - 8

DBD दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

www.oswaldryfruits.com
OSWAL DRYFRUITS
DRYFRUITS: Regular Dryfruits, Flavored Dryfruits & Seeds
KIRANA: Rice, Pulses, Grains & Packaging Products
MASALA: Powder / Whole Spices & Garam Masala
FREE HOME DELIVERY
98200 29433 / 70214 01877

न्यूज़ ब्रीफ

### वंदे भारत ट्रेनों पर पथराव के 7971 मामले सामने आए

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में कहा कि 2023 से फरवरी 2025 तक वंदे भारत समेत ट्रेनों पर पथराव की 7971 घटनाएं सामने आई हैं। इसमें 4,549 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अवधि में पथराव से क्षतिग्रस्त वंदे भारत कोचों सहित कोचों की मरम्मत के लिए सभी जोनल रेलवे ने कुल 5.79 करोड़ रुपये खर्च किए। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी)/जिला पुलिस और नागरिक प्रशासन के साथ मिलकर रेलवे ट्रैक से सटे आबादी वाले इलाकों में लोगों को पथराव की धमकी देने वालों पर शिकंजा कसा। भाजपा सांसद धर्मपुरी अरविंद ने ट्रेनों पर पथराव का मुद्दा उठाया था।

### हमलावरों को कब्र से खोदकर निकालेंगे : सीएम फडणवीस



**मुंबई।** नागपुर में हुई हिंसा पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा में दो टूक कहा है कि जिन्होंने पुलिस पर हमला किया है उन्हें हम कब्र में से भी खोदकर बाहर निकालेंगे. नागपुर अभी शांत है. 1992 के बाद भी कभी दंगे नहीं हुए. कुछ लोगों ने जानबूझकर ये सब किया. कोई भी आयत लिखी चादर नहीं जलाई गई. जानबूझकर अफवाह फैलाई गई कि आयत जलाई गई. कानून व्यवस्था के मुद्दे पर काफी चुनौतियां हैं, जिनसे हम निपटेंगे. नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान को पुलिस ने बुधवार तड़के यशोधरा नगर से गिरफ्तार कर लिया। अदालत ने उसे 21 मार्च तक पुलिस रिमांड पर भेजने का आदेश दिया है। पुलिस के मुताबिक, हिंसा पूर्व नियोजित थी और इस मामले में 51 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### समय रैना को तीसरा समन जारी

**मुंबई।** 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो में अश्लील टिप्पणी को लेकर विवादों में फंसे समय रैना को बुधवार को महाराष्ट्र साइबर सेल ने तीसरा समन जारी किया है। 24 मार्च को पूछताछ के लिए आने के लिए समन जारी किया गया है। समय रैना के वकील ने महाराष्ट्र साइबर को जानकारी दी कि 24 तारीख को समय रैना अपना बयान दर्ज करने के लिए जांच एजेंसी के सामने जरूर हाजिर होंगे।

# विश्वास प्रस्ताव पर हंगामा

- अचानक सदन में प्रस्ताव लाने से विपक्ष हुआ भौंचक्का, विपक्ष ने सदन से किया बर्हिगमन
- नाराज विपक्ष ने अब सभापति राम शिंदे के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का दिया नोटिस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र विधान परिषद में उपसभापति नीलम गोर्हे पर विश्वास प्रस्ताव पेश किए जाने को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। हालाँकि, प्रस्ताव ध्वनि मत से पारित हो गया। इससे नाराज विपक्ष ने सभापति राम शिंदे के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की नोटिस दी और सदन से बहिर्गमन कर दिया।





### पीठासीन अधिकारी हैं या फिर भाजपा के पदाधिकारी : दानवे

इस दौरान विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने तालिका सभापति चित्रा वाघ पर तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि सदन में विपक्ष के सदस्य एक घंटे से नारेबाजी कर रहे हैं। लेकिन आप (चित्रा) ने विपक्ष के सदस्यों की ओर देखा तक नहीं।

### सभापति पर निष्पक्षता न बरतने का आरोप

मंगलवार को विपक्ष की ओर से लाया गया अविश्वास प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। बुधवार को भाजपा सदस्य प्रवीण दरेकर ने नीलम गोर्हे पर विश्वास प्रस्ताव पेश किया। विपक्ष ने वेल में आकर करीब एक घंटे तक नारेबाजी की और कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। शिवसेना (उद्धव) के अनिल परब ने सदन में बोलने की अनुमति मांगी, लेकिन सभापति राम शिंदे ने ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित करने की घोषणा कर दी। परब ने विरोध जताते हुए कहा कि अगर विपक्ष को बोलने का मौका नहीं दिया जाता, तो सदन में आने का क्या मतलब?

### सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने का नोटिस

विधान परिषद में विपक्ष ने सभापति राम शिंदे के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव दाखिल करने के लिए नोटिस दिया है। इस संबंध में सदन में विपक्ष के नेता अंबादास दानवे ने सभापति कार्यालय को पत्र दिया है। दानवे ने कहा कि गुरुवार को विपक्ष के सदस्य काला फीता बांधकर सदन के कामकाज में हिस्सा लेंगे।

### मैं तो डेरी मिल्क चॉकलेट देने को तैयार हूं : मुख्यमंत्री

सदन में मुख्यमंत्री ध्यानाकर्षण प्रस्तावों पर जवाब दे रहे थे। उसी दौरान विपक्ष के सदस्य मुख्यमंत्री के सामने आकर हंगामा कर रहे थे। विपक्ष के सदस्यों ने कहा कि अंदर की बात है सत्तारूढ़ दल के दो सदस्य हमारे साथ में हैं।

## अंतरिक्ष 'परी' सुनीता की 'पृथ्वी वापसी'

- 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौटीं सुनीता विलियम्स
- फ्लोरिडा समुद्र तट पर लैंडिंग



**फ्लोरिडा।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर 9 महीने 14 दिन बाद पृथ्वी पर लौट आए हैं। इनके साथ क्रू-9 के दो और एस्ट्रोनॉट अमेरिका के निक हेग और रूस के अलेक्सांद्र गोरबुनोव भी हैं। उनका ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट भारतीय समयानुसार 19 मार्च को सुबह 3:27 बजे फ्लोरिडा के तट पर स्प्लैशडाउन हुआ, यानी पानी में लैंडिंग हुई। ये चारों एस्ट्रोनॉट मंगलवार (18 मार्च) को इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (ISS) से रवाना हुए थे। स्पेसक्राफ्ट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर इसका तापमान 1650 डिग्री सेल्सियस हो गया था। इस दौरान करीब 7 मिनट के लिए कम्युनिकेशन ब्लैकआउट रहा, यानी यान से संपर्क नहीं रहा। हालांकि, ऐसा होना आम बात है। प्लाजमा के कारण ऐसा होता है।

### स्पेस स्टेशन से पृथ्वी पर लौटने में 17 घंटे लगे

ड्रैगन कैप्सूल के अलग होने से लेकर समुद्र में लैंडिंग तक करीब 17 घंटे लगे। 18 मार्च को सुबह 08:35 बजे स्पेसक्राफ्ट का हैच क्लोज हुआ, यानी दरवाजा बंद हुआ। 10:35 बजे स्पेसक्राफ्ट ISS से अलग हुआ। 19 मार्च को रात 2:41 बजे डीऑर्बिट बर्न शुरू हुआ। यानी, कक्षा से उल्टी दिशा में स्पेसक्राफ्ट का इंजन फायर किया गया।

## मिनी बस में शॉर्ट सर्किट से आग

**4 की मौत, 6 घायल**

एजेंसी । पुणे

पुणे के हिंजवड़ी में बुधवार सुबह एक मिनी बस में शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घायलों का पुणे के विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। प्रारंभिक जांच में बस के रखरखाव में लापरवाही की बात सामने आई है।



### कैसे हुई घटना?

पुलिस के अनुसार, व्योमा ग्राफिक्स कंपनी के 12 कर्मचारी मिनी बस में सफर कर रहे थे। बस हिंजवड़ी इलाके से गुजर रही थी, तभी ड्राइवर की सीट के नीचे शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। ड्राइवर और कुछ यात्री चलती बस से कूद गए, जिससे उनकी जान बच गई। बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई और पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। पीछे बैठे चार यात्री बाहर नहीं निकल पाए, जिससे उनकी झुलसकर मौत हो गई।

### छोटे दुकानदारों को मोदी सरकार का तोहफा

2 हजार रुपए के ट्रांजैक्शन पर दुकानदार को 3 मिलेंगे



**नई दिल्ली।** सरकार ने देश के छोटे दुकानदारों को राहत देने के लिए बड़ा फैसला लिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 रुपये से कम मूल्य के यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को बुधवार को मंजूरी दी। इस योजना के तहत सरकार किसी व्यक्ति द्वारा व्यापारी को किए गए 2,000 रुपये से कम के भुगतान पर एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) व्यय वहन करेगी। इस योजना के तहत केवल छोटे व्यापारियों के लिए 2,000 रुपये तक का यूपीआई (पी2एम) लेनदेन आएगा।

## डिस्क्रिप्टिव पद्धति से होंगी एमपीएससी की परीक्षाएं

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र लोकसेवा आयोग (MPSC) की परीक्षाएं वर्ष 2025 से वर्णनात्मक (डिस्क्रिप्टिव) पद्धति में आयोजित की जाएंगी। विधान परिषद में यह घोषणा मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने की। राकांपा (अजित) के सदस्य शिवाजीराव गर्जे ने MPSC अभ्यर्थियों के मुद्दे को सदन में उठाया। इस पर मुख्यमंत्री ने बताया कि अधिकांश अभ्यर्थी डिस्क्रिप्टिव पद्धति के पक्ष में हैं, हालांकि कुछ विरोध भी कर रहे हैं। लेकिन संघ लोकसेवा आयोग (UPSC) की परीक्षाएं भी इसी पद्धति से होती हैं, इसलिए MPSC को भी इसी तर्ज पर बदला जाएगा, ताकि छात्रों को नुकसान न हो।

### MPSC परीक्षा के वार्षिक टाइम-टेबल की घोषणा होगी



मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपीएससी की तरह ही MPSC परीक्षा का वार्षिक टाइम-टेबल तैयार किया जाएगा। इसके अलावा, आयोग को अधिक प्रभावी बनाने के लिए संशोधित स्टाफ पैटर्न लागू करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। राज्य में वर्ग A, B और C के पदों की भर्ती की प्रक्रियाओं में तेजी लाने के लिए MPSC का पुनर्गठन किया जाएगा।

## भारत गौरव सर्किट यात्रा की घोषणा




**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने संसद में घोषणा की कि छत्रपति शिवाजी महाराज के सम्मान में विशेष भारत गौरव सर्किट यात्रा शुरू की जाएगी। यह यात्रा शिवाजी महाराज के जीवन और संघर्ष से जुड़े ऐतिहासिक स्थलों को जोड़ेगी। रेल मंत्री ने कहा कि यह सर्किट यात्रा विशेष रूप से युवाओं को मातृभूमि के इतिहास से परिचित कराने का मौका देगी। महाराष्ट्र और कर्नाटक के विभिन्न किले, महल और युद्ध के मैदान इस यात्रा का हिस्सा होंगे, जिससे मराठा साम्राज्य की समृद्ध विरासत को जानने-समझने का अवसर मिलेगा। प्रश्नकाल के दौरान शिवसेना सांसद अरविंद सावंत ने सरकार की 'भारत गौरव ट्रेन' नीति की सराहना करते हुए पूछा कि क्या गर्वी गुजरात यात्रा की तरह गर्वी महाराष्ट्र यात्रा शुरू कर शिवाजी महाराज के किलों को जोड़ा जाएगा? इसके जवाब में रेल मंत्री ने आश्वासन दिया कि शिवाजी महाराज से संबंधित सभी क्षेत्रों को 'भारत गौरव सर्किट ट्रेन' का हिस्सा बनाया जाएगा।

## सोशल मीडिया पर नहीं चलेगी अफसरशाही

- महाराष्ट्र सरकार बनाएगी नए नियम

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार अब सोशल मीडिया पर अफसरशाही दिखाने वाले सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कदम उठाने जा रही है। इसके लिए 1979 के सेवा शर्तों में संशोधन कर नए नियम लागू किए जाएंगे। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में यह घोषणा की।




### सोशल मीडिया पर रील्स बनाकर छवि गढ़ने वालों पर लगाम

विधायक डॉ. परिणय फुके ने ध्यानाकर्षण सूचना के तहत सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों की सोशल मीडिया पर बढ़ती सक्रियता पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि कई अधिकारी रील्स बनाकर खुद को क्षेत्र का सर्वेसर्वा दिखाने की कोशिश करते हैं, जिससे यह छवि बनती है कि जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक या पुलिस इंस्पेक्टर ही पूरे राज्य को चला रहे हैं।

### सरकार की बदनामी रोकने के लिए कड़ा कदम

फुके ने सरकार से सवाल किया कि महाराष्ट्र सिविल सेवा आचरण नियमों के तहत पिछले तीन वर्षों में कितने अधिकारियों और कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है? उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट और रीलों के कारण सरकार की छवि भी प्रभावित होती है, इसलिए इस पर नियंत्रण जरूरी है।

### नए कानून या संशोधन की तैयारी

इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि सरकार सोशल मीडिया के दुरुपयोग पर रोक लगाने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन करेगी या नया कानून लाएगी।

## सरकारी अस्पतालों में दवा की संकट

### जांच के लिए बनेगी कमेटी, रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी को लेकर विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के लिए जनप्रतिनिधियों की एक कमेटी गठित की जाएगी। यह कमेटी 15 दिनों के भीतर सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।



### विधानसभा में उठा मुद्दा

विधानसभा के प्रश्नकाल में सदस्य काशीनाथ दाते ने सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी का मुद्दा उठाया। इस पर चिकित्सा शिक्षा मंत्री हसन मुश्रीफ ने जवाब देते हुए कहा कि सरकार को समय-समय पर इस संबंध में शिकायतें मिल रही हैं, इसलिए जांच के लिए कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया है।

### दवाओं की खरीद में बदलाव

2017-18 से 2022-23 तक हाफकिन संस्था के माध्यम से सरकारी अस्पतालों के लिए दवाओं और उपकरणों की खरीद की जाती थी। 2023 में हाफकिन पर आई शिकायतों के चलते 'चिकित्सा सामान खरीद प्राधिकरण' की स्थापना की गई, जो अब दवाएं और मशीनरी खरीद रहा है। सरकार ने 2017-18 से 2022-23 तक हाफकिन कॉरपोरेशन को 2,653.77 करोड़ रुपये स्वीकृत किए। इसमें से 1,318.24 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 957.12 करोड़ रुपये हाफकिन ने सरकार को वापस कर दिए। सरकार ने स्पष्ट किया कि सरकारी अस्पतालों में दवा आपूर्ति सुचारू रूप से हो, इसके लिए कमेटी की सिफारिशों के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## ग्रोक के गाली देने से हरकत में सरकार, शुरू हुई जांच



**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के एआई चैटबॉट ग्रोक की गालियों भरी जुबान अब सरकार की नजरों में आ गई है। हिंदी में अपशब्दों का इस्तेमाल करने वाले ग्रोक के जवाबों को लेकर सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने जांच शुरू कर दी है और एलन मस्क की कंपनी से इस पर सफाई मांगी है। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय इस मसले पर एक्स के अधिकारियों से लगातार बातचीत कर रहा है। सरकार यह समझना चाहती है कि चैटबॉट को इस तरह की भाषा इस्तेमाल करने के लिए किस तरह से प्रशिक्षित किया गया है और यह गलती है या फिर किसी रणनीति का हिस्सा।

ग्रोक को जब से 'एक्स' पर पेश किया गया है, तब से यह अपने अंदाज की वजह से चर्चा में है। मगर हाल ही में कुछ यूजर्स ने इसे हिंदी में उकसाने की कोशिश की, तो इसने बिना किसी झिझक के गालियों से भरे जवाब देने शुरू कर दिए। इससे न सिर्फ यूजर्स बल्कि खुद सरकार भी हैरान हो गई। सूत्रों के मुताबिक, मंत्रालय ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के आदेश दिए हैं।

## माथेरान में 'पेवर ब्लॉक' की आवश्यकता पर रिपोर्ट देने का निर्देश

### सुप्रीम कोर्ट ने नीरी से मांगी रिपोर्ट

**मुंबई/नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय पर्यावरण अभियंत्रिकी अनुसंधान संस्थान (नीरी) को महाराष्ट्र के माथेरान में मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए 'पेवर ब्लॉक' बिछाने की आवश्यकता पर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। अदालत ने महाराष्ट्र सरकार को निरीक्षण के लिए नीरी विशेषज्ञों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आदेश दिया।



### मामला क्या है?

माथेरान, रायगढ़ जिले में स्थित एक पर्वतीय पर्यटन स्थल है, जहां वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है। याचिकाकर्ता ने दावा किया कि पेवर ब्लॉक लगाने की कवायद वाहनों के आवागमन की अनुमति देने के लिए की जा रही है। राज्य सरकार ने सफाई दी कि कंक्रीट के बजाय मिट्टी के 'पेवर ब्लॉक' लगाने पर विचार किया जा रहा है ताकि मिट्टी का कटाव रोका जा सके। सुप्रीम कोर्ट की न्यायमूर्ति बी.आर. गवई और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने नीरी से कहा कि वह जांच कर बताए कि 'पेवर ब्लॉक' लगाने के अलावा कोई अन्य विकल्प उपलब्ध है या नहीं। अदालत ने 4 सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

## कोंकण रेलवे का भारतीय रेलवे में विलय होगा: फडणवीस

दोपहर संवाददाता | मुंबई

कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन लिमिटेड का अब भारतीय रेलवे में विलय किया जाएगा। महाराष्ट्र सरकार विलय के लिए सहमति देने की सूचना केंद्रीय रेलवे मंत्रालय को देगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में इसकी घोषणा की। भाजपा सदस्य प्रवीण दरेकर द्वारा उठाए गए ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जवाब में मुख्यमंत्री ने बताया कि कोंकण रेलवे में महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल की हिस्सेदारी है। इनमें से गोवा, कर्नाटक और केरल पहले ही विलय के लिए सहमति दे चुके हैं। अब महाराष्ट्र सरकार भी रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव को अपनी सहमति से अवगत कराएगी।



### विलय के बाद भी 'कोंकण रेलवे' नाम रहेगा बरकरार

फडणवीस ने स्पष्ट किया कि विलय के बावजूद यह मार्ग 'कोंकण रेलवे' के नाम से जाना जाएगा। कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन घाटे में चल रहा है, जिससे अतिरिक्त निवेश करने की क्षमता नहीं है। रेलवे लाइन दोहरीकरण, भूस्खलन नियंत्रण और स्टेशन आधुनिकीकरण के लिए निधि की कमी बनी हुई है। भारतीय रेलवे में विलय होने से निवेश बढ़ेगा और इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होगा। केंद्र सरकार और महाराष्ट्र, गोवा, कर्नाटक और केरल राज्य के बीच 19 जून 1990 हुए करार के तहत कोंकण रेलवे कॉर्पोरेशन की स्थापना हुई थी।

### डोंबिवली से वसई, विरार, मुंबई और नवी मुंबई तक रो-रो बोट सेवा

# डोंबिवली में जल परिवहन परियोजना का शुभारंभ

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली

डोंबिवली के मोठागांव में जल परिवहन परियोजना का कार्य शुरू हो गया है। 19 मार्च को शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के कल्याण जिला प्रमुख दीपेश म्हात्रे ने भूमि पूजन कर इस कार्य की शुरुआत की।





### 1000 करोड़ रुपये की योजना, 80 करोड़ की मंजूरी

इस परियोजना के तहत महाराष्ट्र मैरीटाइम बोर्ड ने 1000 करोड़ रुपये की डीपीआर तैयार की थी, जिसमें प्रारंभिक रूप से 80 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। डोंबिवली मोठागांव जेट्टी के लिए 22 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई है, जिससे रो-रो सेवा की शुरुआत होगी।

### डोंबिवली से जलमार्ग की सुविधाएं

इस रो-रो बोट सेवा से यात्री अपने वाहनों के साथ वसई, विरार, मुंबई और नवी मुंबई तक यात्रा कर सकेंगे। इससे समय और ईंधन की बचत होगी और यातायात का एक नया विकल्प उपलब्ध होगा। भविष्य में इस जलमार्ग को नवी मुंबई हवाई अड्डे से भी जोड़ा जाएगा, जिससे डोंबिवली के नागरिक 20 मिनट में एयरपोर्ट तक पहुंच सकेंगे।

### ▸▸ मिलेगा रोजगार और सुविधाएं

इस परियोजना के तहत मोठागांव जेटी पर टिकट घर और बाजार स्टेशन भी बनाया जाएगा। इससे स्थानीय नागरिकों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे।परियोजना के तहत ठाणे से वसई-विरार-मीरा-भाइंदर तक अस्थायी मार्ग भी विकसित किया जाएगा।

### दो साल में पूरा होगा कार्य

इस जल परिवहन परियोजना को अगले दो वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्य दो एजेंसियों के माध्यम से किया जा रहा है, जिससे रो-रो सेवा जल्द ही आम जनता के लिए सुलभ होगी।

# डोंबिवली से दो नाबालिग लड़कियां हुईं लापता

▸▸ पिछले मंगलवार से गायब

▸▸ परिवार ने दर्ज कराई शिकायत, जांच में जुटी पुलिस

डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली




डोंबिवली के पास कल्याण-शिळफाटा रोड स्थित पिसवली गाँव से दो नाबालिग लड़कियाँ लापता हो गई हैं। ये लड़कियाँ 12 और 14 वर्ष की हैं और पिछले मंगलवार से अपने घर से लापता हैं। परिवार ने रिश्तेदारों, मूल गाँव (बिहार), कल्याण और डोंबिवली में उनकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। आखिरकार, परिवार ने मानपाडा पुलिस थाने में इस मामले की शिकायत दर्ज कराई।

### पुलिस जांच में जुटी

जब पिता घर लौटे, तो उन्होंने लड़कियों की तलाश शुरू की और बिहार के गाँव, कल्याण रेलवे स्टेशन, रिश्तेदारों और डोंबिवली-कल्याण क्षेत्र में खोजबीन की। एक सप्ताह तक कोई जानकारी नहीं मिलने पर संदेह हुआ कि किसी ने लड़कियों को फुसलाकर भगा लिया हो सकता है। इसके बाद उन्होंने रामनगर पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया। इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक स्वाती जगताप कर रही हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज, फोन रिकॉर्ड और स्थानीय सुरागों की मदद से लड़कियों की तलाश में जुटी है।

### 'हम गाँव जा रहे हैं'

लड़कियों के पिता डोंबिवली के पिसवली गाँव के टाटा पावर नाका क्षेत्र में रहते हैं। यह परिवार मूल रूप से बिहार के धनगाई जिले का निवासी है। लड़कियों के पिता काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। इसी दौरान तीनों बहनें घर में अकेली थीं, जब 12 और 14 साल की दोनों बहनें अपनी छोटी बहन से कहकर निकलीं कि वे गाँव जा रही हैं।

# राशन माफिया पर लगाम लगाने की मांग



▸▸ विधायक आयलानी ने की सख्त कार्रवाई की अपील

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

विधायक कुमार आयलानी ने मुख्यमंत्री, संबंधित मंत्रियों, पुलिस के आला अधिकारियों और राशन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर गरीबों के राशन की कालाबाजारी में लिप्त माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने इस मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने की आवश्यकता भी जताई है।

### राशन विभाग और स्थानीय अधिकारियों की मिलीभगत

- हाल ही में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने राशन की दुकानों पर सप्लाई किए जाने वाले ट्रकों से जीपीएस हटाकर स्कूटर पर लगाने वाले माफियाओं को रंगे हाथ पकड़ा था। आरोप है कि यह कालाबाजारी लंबे समय से चल रही है, लेकिन अब तक इसे रोका नहीं गया। सूत्रों के मुताबिक, इस रैकेट में राशन वितरण विभाग और स्थानीय अधिकारी भी शामिल हैं। जब आरोपी को स्कैनिंग मशीन सहित पुलिस के हवाले किया गया, तब पुलिस ने यह कहते हुए उसे छोड़ दिया कि मामला राशन वितरण विभाग का है, इसलिए कार्रवाई वे ही करेंगे।

### मुख्यमंत्री और पुलिस आयुक्त को पत्र

- विधायक आयलानी ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, खाद्य व नागरिक आपूर्ति सचिव, राशन वितरण विभाग के नियंत्रक, ठाणे के पुलिस आयुक्त और उल्हासनगर अपराध शाखा को पत्र लिखकर ठेकेदारों, राशन माफिया और विभागीय अधिकारियों के खिलाफ जांच और कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### 90% राशन की हो रही कालाबाजारी

विधायक आयलानी के अनुसार, उल्हासनगर शहर में केवल 10% राशन वितरित होता है, जबकि 90% राशन बाजार में बेच दिया जाता है। उन्होंने इस मुद्दे को बजट सत्र में भी उठाने की बात कही है ताकि दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो सके।

# शहर में कूड़ा संकट पर मनपा फेल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

शहर में कूड़ा प्रबंधन की समस्या गंभीर होती जा रही है, लेकिन मनपा इसे नियंत्रित करने में नाकाम साबित हो रही है। कई सोसायटियों और सड़कों पर कचरे के ढेर जमा हो गए हैं, जिससे गंदगी और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। मनपा की लापरवाही से नाराज एनसीपी-शरद पवार पार्टी के शहर अध्यक्ष सुहास देसाई ने मनपा मुख्यालय के सामने कचरा फेंककर विरोध जताया। उनका कहना है कि पिछले 10 दिनों से शहर के कई हिस्सों से कचरा नहीं उठाया गया, जिससे हालात और बिगड़ते जा रहे हैं।

▸▸ विरोध में एनसीपी नेता ने मुख्यालय के सामने फेंका कचरा

▸▸ ठाणे में कचरा प्रबंधन हुआ बेहाल

### कचरा नहीं उठा तो मनपा में होगा और बड़ा आंदोलन

सुहास देसाई ने मनपा प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर जल्द समाधान नहीं निकला, तो वे मनपा मुख्यालय की हर मंजिल पर कूड़े के ढेर लगाने को मजबूर होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि मनपा के सत्ताधारी दल सिर्फ वादे कर रहे हैं, लेकिन कचरा निस्तारण के लिए ठोस कदम नहीं उठा रहे हैं।




### कचरा प्रबंधन में मनपा की असफलता

सीपी टैंक कचरा संग्रहण केंद्र से कचरा उठाकर डायघर और अन्य खुले भूखंडों पर डंप किया जाता है। हाल ही में सीपी टैंक में कचरे में आग लगने की घटना के बाद स्थानीय लोगों ने कचरा डंपिंग का विरोध किया, जिससे समस्या और बढ़ गई। मनपा के पास अपना स्थायी कूड़ाघर नहीं होने के कारण शहर में स्वच्छता की स्थिति बिगड़ती जा रही है।

## महाराष्ट्र के 3 हजार गांव बीमा ग्राम योजना में हुए चिन्हित

**मुंबई/नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के 3 हजार गांवों को डाक विभाग की पहल 'बीमा ग्राम योजना' के तहत चिन्हित किया गया है। इन गांवों में कुल 1,36,767 परिवारों को कम-से-कम एक ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) पॉलिसी प्रदान कर योजना के अंतर्गत कवर किया गया है। केंद्रीय संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री डॉ पेम्मासानी चंद्रशेखर ने बुधवार को लोकसभा में एनसीपी (शरद) सांसद सुप्रिया सुले, अमर काले, संजय पाटिल, निलेश लंके, अमोल कोल्हे, धैर्यशील पाटिल और कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ व भास्कर भगरे के पूछे गए एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना की शुरुआत के बाद से बीमा ग्राम योजना के तहत 1,366 गांवों को कवर किया गया है।

## भ्रष्टाचार मामले में फेरीवाला अतिक्रमण विभाग के प्रमुख निलंबित

**कल्याण।** कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) में भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। फेरीवाला अतिक्रमण विभाग के प्रमुख भगवान कालू पाटील को निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो के आधार पर की गई, जिसमें पाटील को अज्ञात व्यक्ति से पैसे लेते हुए देखा गया। वायरल वीडियो में पाटील कुछ फेरीवालों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए रिश्वत लेते नजर आ रहे हैं। इस क्लिप ने उनकी ईमानदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। प्रशासन ने तुरंत कारण बताओ नोटिस जारी किया पाटील का स्पष्टीकरण अस्वीकार कर दिया गया उनकी विभागीय जांच के आदेश दिए गए उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया

## मंत्रियों के सदन में मौजूद नहीं रहने पर नाराज हुए आव्हाड, खोतकर और लोणीकर

**मुंबई।** विधानसभा में सत्तारूढ़ दलों और विपक्षी दलों के सदस्यों के बीच तनातनी जारी है। राकांपा (शरद) सदस्य जितेंद्र आव्हाड ने बुधवार को विधानसभा में नाराजगी जताते हुए कहा कि विपक्ष के सदस्य जिस विभाग का सवाल सदन में उठते हैं दरअसल उसका मंत्री सदन में मौजूद ही नहीं रहता। ऐसे में उनके सवालों का जवाब दूसरे विभाग के मंत्री देते हैं। जिन्हें आधी अधूरी जानकारी होती है। आव्हाड ने विधानसभा अध्यक्ष से मांग की कि कम से कम चर्चा के दौरान मंत्री सदन में मौजूद रहें। यह नाराजगी सिर्फ आव्हाड ने ही नहीं बल्कि सत्ताधारी दलों के सदस्यों अर्जुन खोतकर और बबनराव लोनीकर ने भी नाराजगी जताते हुए कहा कि सदस्यों के प्रश्नों का जवाब देने के लिए मंत्रियों को सदन में मौजूद रहना चाहिए।

# अभय योजना से मनपा को 49.53 करोड़ की आमदनी

डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर

अभय योजना के तहत 18 मार्च तक उल्हासनगर महानगरपालिका (मनपा) को 49.53 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है। इस वित्तीय वर्ष में मनपा की कुल आय 123.76 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वर्ष के 110 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को पार कर चुकी है। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने इस योगदान के लिए नागरिकों का आभार व्यक्त किया।

- **22 मार्च तक बढ़ी योजना**
- **मनपा की तिजोरी में 123.76 करोड़ रुपये जमा**




### 22 मार्च तक मिलेगा छूट का लाभ

विधायक कुमार आयलानी की सिफारिश पर 24 फरवरी से 18 मार्च तक लागू की गई अभय योजना अब 4 दिन और बढ़ाकर 22 मार्च तक कर दी गई है।

### योजना के तहत

6 मार्च तक ब्याज की पूरी छूट थी। अब 22 मार्च तक 50% ब्याज छूट जारी रहेगी। करदाता इस छूट का लाभ उठाकर बकाया टैक्स का भुगतान कर सकते हैं। मनपा द्वारा इस योजना में छूट को क्रमश: कम किया गया है, लेकिन इस पहल से आमदनी में और वृद्धि होने की संभावना है। मनपा आयुक्त मनीषा आव्हाले ने शहरवासियों से अपील की है कि वे 22 मार्च तक टैक्स भरकर छूट का लाभ लें। इसके बाद बकाया टैक्स वसूली के लिए कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मनपा की इस बढ़ी हुई आय से शहर में विकास योजनाओं को गति मिलेगी।

# ठाणे सिविल अस्पताल की नई इमारत जून तक तैयार होगी: डॉ. पवार

▸▸ अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होगा अस्पताल

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

ठाणे। ठाणे जिला सिविल अस्पताल की नई इमारत का शुभारंभ जून में होने की संभावना है। जिला सिविल अस्पताल के प्रमुख डॉ. कैलाश पवार ने बताया कि इस अस्पताल में सीटी स्कैन, एमआरआई, पेट स्कैन जैसी सभी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध होंगी। ठाणे सिविल अस्पताल की नई इमारत का निर्माण जारी रहने के कारण, अस्पताल को अस्थायी रूप से ठाणे के वागले इस्टेट स्थित मानसिक चिकित्सा अस्पताल परिसर में स्थानांतरित किया गया है।




### राज्य का सबसे बेहतरीन सिविल अस्पताल बनने की उम्मीद

- अत्याधुनिक सुविधाओं के चलते यह अस्पताल राज्य का सबसे बेहतरीन सिविल अस्पताल बनने की ओर अग्रसर है। आगामी जून में इसके शुभारंभ की उम्मीद की जा रही है, जिससे ठाणे और आसपास के मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

### 75% निर्माण कार्य पूरा, 900 बेड की सुविधा

डॉ. पवार के अनुसार, अस्पताल का 75% निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इसमें 500 बेड सामान्य मरीजों के लिए होंगे, जबकि कुल 900 बेड तक की सुविधा दी जा सकती है। अस्पताल में 100 से अधिक चिकित्सक और 1,500 स्वास्थ्यकर्मी सेवा देंगे।

### तीन भव्य इमारतों का निर्माण कार्य तेज़ी से जारी

यह परियोजना पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पहल पर शुरू हुई थी। इस अस्पताल परिसर में सात-सात मंजिल की तीन इमारतों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे इसे राष्ट्रीय स्तर के अस्पताल के रूप में विकसित किया जा सके।

### विशेष सुविधाएं

- **कैंसर मरीजों के लिए कीमोथेरेपी की सुविधा**
- **महिलाओं के लिए मैमोग्राफी, पुरुषों के लिए प्रोस्टेट ब्लड टेस्ट**
- **विशाल ऑपरेशन थिएटर और विशेष मरीज कक्ष**

# ओवला माजीवाड़ा युवक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नागेन्द्र जायसवाल भाजपा में शामिल

▸▸ सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा हाथ

डीबीडी संवाददाता | भायंदर

**ओवला माजीवाड़ा विधानसभा युवक कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष और मीरा भायंदर कांग्रेस कमिटी के पूर्व महासचिव नागेन्द्र जायसवाल ने भाजपा में शामिल होने का फैसला किया। वे दो बार कांग्रेस इंडस्ट्री सेल के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं।**



### भाजपा नेताओं की मौजूदगी में हुई एंट्री

- भाजपा में शामिल होने के दौरान विधायक नरेंद्र मेहता, पूर्व उपमहापौर हसमुख गेहलोत, जिलाध्यक्ष श्रीकिशोर शर्मा और राकेश जैन उपस्थित रहे। भाजपा ने नागेन्द्र जायसवाल को मीरा भायंदर जिला सचिव पद पर नियुक्त किया है।

### सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने किया भाजपा का समर्थन

नागेन्द्र जायसवाल के साथ कांग्रेस महासचिव दीपक इटकर, किशोर राजपुरोहित, कांतिलाल प्रजापति, संजीत जायसवाल, दिलीप जायसवाल, अमरनाथ गुप्ता, मणिलाल गुप्ता, राधेश्याम विश्वकर्मा, सुबोध निषाद, सुभाष वर्मा, किरणसाली और संतोष जायसवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

### पार्टी को मजबूत करने का संकल्प

भाजपा में शामिल होते ही सभी कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने और जनसेवा में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस बदलाव को भाजपा के लिए राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है, खासकर मीरा भायंदर क्षेत्र में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है।

## मुंबई में अगले सप्ताह से नाला सफाई

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में अगले सप्ताह से नाला सफाई का काम शुरू किया जाएगा। शहर के सभी छोटे और बड़े नालों की सफाई का काम 25 मार्च से किया जाएगा। मानसून आने से पहले यानी 31 मई से पहले 75 प्रतिशत सफाई का काम पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस साल अगले दो वर्षों के लिए नाला सफाई कार्य के लिए कुल 26 निविदाएं आमंत्रित की गई हैं। इसकी कुल लागत दो वर्षों में 580 करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना है। इस वर्ष छोटी नालियों के लिए टेंडर प्रक्रिया जल्दी पूरी कर ली गई है। प्रमुख नालों की सफाई प्रक्रिया में देरी के कारण कार्य आदेश जारी करने में विलंब हुआ है। मनपा अधिकारियों के अनुसार जल्द कार्य आदेश जारी कर दिए जाएंगे। नालों की सफाई पर ध्यान देने के लिए वीडियो रिकॉर्डिंग की जाएगी और ड्रोन से भी नजर रखने का विचार है। मीठी नदी की सफाई के लिए 35 मीटर लंबे बूम और 1.5 क्यूबिक मीटर क्षमता वाली पोकलेन मशीन तैनात करने की शर्त को निविदा में शामिल किया गया है। यह टेंडर प्रक्रिया अदालती पचड़े में फंस गई थी. अब इसे हरी झंडी मिल गई है



और निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है। मुंबई शहर के नालों की सफाई के लिए 39.45 करोड़ रुपए, पूर्वी उपनगर – 148.39 करोड़ रुपए और पश्चिमी उपनगर के लिए 257.35 करोड़ रुपए कर्च किए जाएंगे। मुंबई मनपा नाला सफाई का काम तीन चरणों में पूरा कराती है। मानसून से पहले 75 प्रतिशत, मानसून के दौरान 15 फीसदी और मानसून के बाद 10 प्रतिशत नाला सफाई का काम किया जाता है। इसमें सड़क किनारे नाले, छोटे-बड़े नाले, गटर और नदियों की सफाई शामिल है। मानसून के मौसम में जलभराव को रोकने के लिए हर साल मानसून से पहले कचरा निकालने का काम किया जाता है। मिट्टी, कीचड़ और कचरे के कारण अक्सर नालियां और नाले जाम हो जाते हैं। इसलिए बाढ़ की स्थिति से बचने के लिए मुंबई मनपा मानसून से पहले नालों की सफाई का काम करती है।


क्रिकेटर चहल तलाक मामला

# फेमिली कोर्ट का फैसला रद्द

- हाई कोर्ट ने दी समयसीमा
- 20 मार्च तक निपटारा करने का निर्देश

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी धनश्री वर्मा के तलाक के मामले में बांद्रा फैमिली कोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया है। अदालत ने फैमिली कोर्ट को 20 मार्च तक इस मामले का निपटारा करने का निर्देश दिया है।



### फैमिली कोर्ट ने कूलिंग-ऑफ अवधि माफ करने से किया था इनकार

5 फरवरी को चहल और धनश्री ने आपसी सहमति से तलाक की याचिका दायर की थी। 20 फरवरी को फैमिली कोर्ट ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 बी के तहत छह महीने की अनिवार्य कूलिंग-ऑफ अवधि माफ करने से इनकार कर दिया था। इसका कारण यह बताया गया कि गुजारा भत्ता की शर्तों का आंशिक पालन किया गया था।

### गुजारा भत्ता को लेकर सहमति

चहल को धनश्री को 4.75 करोड़ रुपये का भुगतान करना था। उन्होंने अब तक 2.37 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। अदालत ने माना कि तलाक के आदेश के बाद शेष राशि का भुगतान किया जाएगा, इसलिए सहमति की शर्तें पूरी की जा रही हैं।

### हाई कोर्ट ने कूलिंग-ऑफ अवधि क्यों हटाई?

ढाई साल से अलग रह रहे हैं चहल और धनश्री। दोनों पक्षों ने तलाक के लिए आपसी सहमति जताई है। गुजारा भत्ता पर भी सहमति बन चुकी है। चहल 21 मार्च से आईपीएल में व्यस्त रहेंगे, इसलिए कोर्ट ने 20 मार्च तक फैसला करने को कहा। पीठ ने माना कि यह एक दुर्लभ मामला है, जहां कोई प्रतिवादी नहीं है, क्योंकि दोनों पक्ष संयुक्त रूप से तलाक के लिए सहमत हैं। इस फैसले से चहल और धनश्री के बीच लंबे समय से चले आ रहे इस कानूनी विवाद का जल्द निपटारा संभव हो सकेगा।

# महाराष्ट्र राज्य में लगे 3,36,000 पंप

**नई दिल्ली/मुंबई।** महाराष्ट्र में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) के अंतर्गत अब तक कुल 3,36,289 पंप स्थापित किए गए हैं। इस योजना के तहत देश में महाराष्ट्र को सर्वाधिक 1762.65 करोड़ रुपए की धनराशि जारी की जा चुकी है।



### ऊर्जा राज्य मंत्री ने दी जानकारी

नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपद येसो नाइक ने बुधवार को एनसीपी (शरद) सांसद बजरंग सोनवणे के पूछे गए सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महाराष्ट्र की राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों (एसआईए) द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के अनुसार, राज्य में कुल 3,36,289 पंप स्थापित किए जा चुके हैं। महाराष्ट्र के लिए 5,05,000 पंप स्वीकृत किए गए हैं, जिसमें से 28 फरवरी 2025 तक 3,36,289 पंप लग चुके हैं।

### विधान परिषद में सुनीता विलियम्स को बधाई देते हुए प्रस्ताव पेश



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधान परिषद में सुनीता विलियम्स के धरती पर वापस लौटने की खुशी में एक प्रस्ताव पेश किया गया, जिसमें सुनीता विलियम्स को बधाई दी गई। सुनीता विलियम्स नौ महीने अंतरिक्ष में गुजारने के बाद बुधवार तड़के धरती पर सुरक्षित वापस पहुंचीं।

**पश्चिम रेलवे**

**निर्माण कार्य**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) चतुर्थ, पश्चिमी रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390 004, **ई-निविदा सूचना संख्या DyCECIV-BRC-DB-CDD-01 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** पश्चिमी रेलवे के वडोदरा मंडल पर कुंडेला, तिलकवाड़ा, मोरिया और बारीपुर मंडला स्टेशनों पर 3.6 मीटर चौड़ी स्टील फुटओवर ब्रिज का निर्माण, जो Dy.CE/Con/IV/वडोदरा के अधीन क्रियान्वित किया जा रहा है। **अनुमानित लागत कार्यः** 985.69 लाख, **ईएमडीः** 6,42,900/-, **निविदा समापन की तिथि :** 08.04.2025 को 12:00 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। **1191**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# बैंक कर्मचारी को अग्रिम जमानत देने से इनकार

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने पुणे की साधना सहकारी बैंक की महिला कर्मचारी शीतल देशमुख की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी। शीतल पर बैंक के ग्राहकों से 46.58 लाख रुपये हड़पने का आरोप है। हालांकि, उसने यह राशि बैंक को लौटा दी है, लेकिन अदालत ने माना कि पैसा लौटाने से अपराध समाप्त नहीं होता।

### पैसा लौटाने से नहीं बच सकते आरोपी



न्यायमूर्ति राजेश पाटिल की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ता द्वारा अपराध पहले ही किया जा चुका है, और वह इसे स्वीकार भी कर चुकी है। इसलिए, उसे अग्रिम जमानत नहीं दी जा सकती। पीठ ने कहा कि शीतल देशमुख पुणे के सासवड गांव स्थित शाखा में काम करती थी, जहां अधिकांश ग्राहक छोटे दुकानदार और ग्रामीण थे। उसने उनके पैसों को बैंक में जमा करने के बजाय खुद हड़प लिया और फर्जी रसीदें जारी कीं।

### महिला होने का नहीं मिलेगा लाभ

अदालत ने माना कि याचिकाकर्ता गवाहों पर दबाव डाल सकती है और सबूतों से छेड़छाड़ कर सकती है। यदि उसे अग्रिम जमानत दी जाती है, तो फोरेंसिक ऑडिट में बाधा आ सकती है और अन्य संभावित आरोपियों की पहचान करना मुश्किल हो सकता है। याचिकाकर्ता ने महिला होने के आधार पर राहत मांगी थी, जिसे कोर्ट ने ठुकरा दिया। अदालत ने कहा कि उसका पति बेरोजगार है और बेटे की देखभाल कर सकता है। साथ ही, अपराध में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, जिनके नाम उजागर करना जरूरी है।

### फर्जी रसीदों से हड़पी गई थी रकम

अभियोजन पक्ष के अनुसार, शीतल देशमुख ने ग्राहकों से पैसा लिया और बैंक में जमा करने के बजाय फर्जी रसीदें दीं। वह कई फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी) बंद कराने और उनकी राशि गबन करने में भी सफल रही। यह घोटाला तब उजागर हुआ जब बैंक अधिकारियों ने ऑडिट किया। अदालत ने इन सभी तथ्यों को देखते हुए अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया और जांच में पूरा सहयोग देने के निर्देश दिए।

**पश्चिम रेलवे**

**स्लज डीजल पंप उपलब्ध कराना**

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008. **ई-टेंडर सूचना संख्याः बीसीटी/24-25/309 दिनांक 18/03/2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य और स्थानः विरार-जोरावासन खंडः** सीनियर डीईएन/उत्तर खंड के अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर मानसून के पानी को बाहर निकालने के लिए स्लज डीजल पंप उपलब्ध कराना। **कार्य की अनुमानित लागतः** 26,51,803.20,**ईएमडीः** 53,000/-,**जमा करने की तिथि और समयः** 11.04.2025, 15:00 बजे तक। **खुलने की तिथि और समयः** 11.04.2025 को 15:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। **1194**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

# जेएनपीटी को जोड़ने वाली 6 लेन राजमार्ग परियोजना को मंजूरी

- 4,500 करोड़ रुपये होंगे खर्च

**मुंबई/नई दिल्लीः** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह (जेएनपीटी) को जोड़ने वाली 6 लेन की राजमार्ग परियोजना को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 4,500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और इसे बिल्ड, ऑपरेट और ट्रांसफर (बीओटी) मोड पर पूरा किया जाएगा।



### परियोजना की कनेक्टिविटी और लाभ

केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की हुई बैठक में जेएनपीटी पोर्ट (पगोटे) से चौक (29.219 किमी) तक की एक्सेस नियंत्रित ग्रीनफील्ड हाई स्पीड राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण की स्वीकृति दी गई। नया 6 लेन ग्रीनफील्ड प्रोजेक्ट कॉरिडोर बेहतर बंदरगाह कनेक्टिविटी की ओर ले जाएगा, जिससे सुरक्षित और कुशल माल ढुलाई में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि यह परियोजना जेएनपीटी बंदरगाह (एनएच-348) से शुरू होती है और मुंबई-पुणे राजमार्ग (एनएच-48) पर समाप्त होती है, जबकि मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई-गोवा राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-66) को भी यह जोड़ती है।

### राजमार्ग से बंदरगाह और हवाईअड्डे को मिलेगा लाभ

जेएनपीटी बंदरगाह पर कंटेनरों की संख्या में वृद्धि और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विकास को ध्यान में रखते हुए इस क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की आवश्यकता महसूस की गई।

**पश्चिम रेलवे**

**अलार्म चेन पुलिंग इंडिकेशन लाइट की आपूर्ति, फिक्सिंग, कमीशनिंग और परीक्षण**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (डब्ल्यू), पश्चिम रेलवे कैरिज रिपेयर वर्कशॉप, एन.एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई - 400 013, **ई-टेंडर नोटिस संख्या EL/WA/PL/2024-25/51 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नामः** "लोअर परेल वर्कशॉप, पश्चिम रेलवे में दो वर्षों के लिए कार्य के दायरे और दरों की अनुसूची के अनुसार अलार्म चेन पुलिंग इंडिकेशन लाइट की आपूर्ति, फिक्सिंग, कमीशनिंग और परीक्षण। मात्राः 288 कोच"। **कार्य की अनुमानित लागतः** 15,99,487.55, **ईएमडीः** 32,000/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि और समयः** 10.04.2025, 12:00 बजे तक। **निविदा खुलने की तिथिः** 10.04.2025 को 12:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। **1192**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**मध्य रेल**

**भुसावल मंडल**

**ई - निविदा आमंत्रण सूचना सं. :- भुसावल ईलेक्ट_टीआरडी_25_2025 दिनांक 13.03.2025**

भारत के महामहिम राष्ट्रपति हेतु सीनियर डिवीज़नल बिजली इंजीनियर (क.वि.) मध्य रेल, भुसावल द्वारा निम्न लिखित कार्य हेतु डीजीटेली हस्थाक्षरित ऑनलाइन ओपन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम**: मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के भुसावल - खंडवा खंड में ट्रेक नवीनीकरण कार्य के संबंध में टीआरडी बॉन्डिंग कार्य। **कार्य की लागत**: रु. 37,51,490. **बयाना राशि**: रु. 75,000/-. **निविदा जमा करने की अंतिम तारीख और समय**: 17.04.2025 up to 15:00 hrs. **अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाइट का पता: www.ireps.gov.in** **DE-46**

अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**देवनार मैटरनिटी होम-गोवंडी (पूर्व)**

एचओ/1229डीएमएच दिनांक - 19.03.2025

**विषयः-** देवनार मैटरनिटी होम, एम/ई वार्ड में अनुबंध के आधार पर 06 (छह) श्रमिक और सहायक कर्मचारी उपलब्ध कराने के लिए।

**विज्ञापन**

देवनार मैटरनिटी होम, एम/ई वार्ड में अनुबंध के आधार पर मैटरनिटी होम में 06 महीने के लिए अनुभवी 06 (छह) श्रमिक (हमाल, स्वीपर) और सहायक कर्मचारी उपलब्ध कराने के अनुभव वाले अधिकृत स्थानीय एनजीओ से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एनजीओ सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन शुल्क रु.3300/- + 18% जीएसटी 594/- कुल 3894/- दिनांक 20.03.2025 से दिनांक 24.03.2025 को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक छुट्टी को छोड़कर आधिकारिक कार्य दिवसों में नीचे दिए गए पते पर जमा कर सकते हैं। यह आवेदन पत्र लॉटरी सिस्टम के रूप में मेडिकल ऑफिसर देवनार मैटरनिटी होम के कक्ष में खोले जाएंगे।

पता-वैद्यकीय अधिकारी<br>देवनार मैटरनिटी होम<br>म्युनिसिपल कॉलोनी- गोवंडी<br>मुंबई-4000043

हस्ता./-<br>वैद्यकीय अधिकारी<br>देवनार मैटरनिटी होम<br>गोवंडी, मुंबई - 43

पीआरओ/ 2858/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

**मुंबई झोपड़पट्टी सुधार मंडल**

**(महाराष्ट्र हाउसिंग एंड एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी की एक क्षेत्रीय इकाई)**

म्हाडा MHADA

**निविदा सूचना संख्या EE/East/MSIB/e-tender/UE/06/2024-25**

कार्यकारी अभियंता (पूर्व) प्रभाग, मुंबई स्लम सुधार बोर्ड, (म्हाडा की इकाई) कमरा संख्या 536, चौथी मंजिल, गृह निर्माण भवन, बांद्रा (पूर्व), मुंबई 400 051 फोन नंबर (022) 66405251 ऑनलाइन ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से मुंबई उपनगरीय जिले में उपयुक्त वर्ग में म्हाडा/पीडब्ल्यूडी के साथ पंजीकृत बेरोजगार इंजीनियरों से 05 कार्यों के लिए ई-टेंडर आमंत्रित कर रहे हैं। विस्तृत निविदा सूचना और निविदा दस्तावेज उपलब्ध होंगे और महाराष्ट्र सरकार के पोर्टल **https://mahatenders.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। बोली दस्तावेज वेबसाइट पर लोड किए जा सकते हैं। निविदा दस्तावेजों की बिक्री दिनांक 20/03/2025, सुबह 10.05 बजे से शुरू होकर दस्तावेज बिक्री की अंतिम तिथि 27/03/2025, शाम 6.15 बजे तक होगी। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल **https://mahatenders.gov.in** वेबसाइट पर प्रकाशित किया जा सकता है। सक्षम प्राधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी निविदाओं को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। सशर्त प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

Follow us: @mhadaofficial

सीपीआरओ/ए/184

हस्ता./-<br>कार्यकारी अभियंता (पूर्व),<br>एम. एस. आई. बी बोर्ड, मुंबई

म्हाडा-राष्ट्र का अग्रणी गृहनिर्माण प्राधिकरण

# राज्य में कुष्ठ रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी

### एक साल में 20 हजार नए मरीज

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र में पिछले एक साल में 20,000 नए कुष्ठ रोगी सामने आए हैं। यह खुलासा कांग्रेस सदस्य नितिन राउत ने विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान किया। स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबिटकर ने स्वीकार किया कि कुष्ठ रोगियों की संख्या में इजाफा हुआ है। हालांकि, उन्होंने इसका कारण सरकार द्वारा जांच बढ़ाना बताया।

### NGO को दी जाने वाली सहायता राशि बढ़ी



मंत्री ने जानकारी दी कि कुष्ठ रोगियों के लिए काम करने वाले गैर-सरकारी संगठनों (NGO) की सहायता राशि बढ़ाकर 6,200 रुपये प्रति माह कर दी गई है, जिससे मरीजों की देखभाल बेहतर हो सके। भाजपा सदस्य मनीषा चौधरी ने दहिसर क्षेत्र में कुष्ठ रोगियों के साथ हो रहे भेदभाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि रोगियों को रहने के लिए घर नहीं मिल रहे हैं। इस पर मंत्री आबिटकर ने उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

H.C.J.PartVII-2 नमूना काबिल फरोक्त

**सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब**

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5)

नं० मुकदमा 1056 सन् 2024 जिला—गोरखपुर

बअदालत सिविल जज सीनियर डिविजन, गोरखपुर

घनश्याम दास सर्राफ बनाम राम निवास वर्मा वगैरह

(1) राम निवास वर्मा वयस्क उम्र लगभग 66 वर्ष पुत्र से जगरनाथ प्रसाद निवासी मोहल्ला—रायगंज दक्षिणी, सर्राफ कटरा, पाण्डेय हाता, तहसील—सदर शहर व जिला—गोरखपुर—प्रतिवाद प्रथम पक्ष
(2) अनुराधा वर्मा / सर्राफ, व्यस्क पुत्री श्री भोलेनाथ सेठ (3) छवि, व्यस्क पुत्री श्री भोलेनाथ सेठ
**पता:—** फर्म बाबा ज्वेलर्स, लोवर परेल मुम्बई हाल मुकाम मार्फत श्री अरविन्द सेठ, आलम सेठ, आलमगेज, जौनपुर (उ०प्र०) प्रतिवादीगण द्वितीय पक्ष

हरगाह ने आपके नाम नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 27माह मार्च सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के अदालत में या मारफत वकील के जो मुकदमे की हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया है और जिसे कुल उमूर अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई शख्स हो जो कि जवाब सवालात का द सके, हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और हरगाह वही तारीख को आपके इजहार के लिये मुकर्रर है कि वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमा के तलवीज हुई है आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज को जिनको आप जवाबदेही हुई है कतई दे ताईद इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगत बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।

बदस्तखत मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारीख 17 माह मार्च सन् 2025 जारी किया गया।

इत्तिला

(1) अगर आपको यह अन्देश है कि आपके गवाह अपने मर्जी से हाजिर न होगें तो आप अदालत हाजा से सम्मन दई मुराद जारी कर सकते है कि वह गवाह हाजिर न हो उसे जबरदस्ती हाजिर कराया जाय तो और जिस दस्तावेज की किसी गवाही में पेश कराने का आप इस्तेहफाक रखते है वह उससे पेश कराया जाय, बशर्ते कि आप खर्चा जरूरत अदालत में दाखिल करके इस उम्र की दरखास्त गुजारें।
(2) अगर आपका मुतालबा को तसलीम करते हैं तो आपको खाजिम करते है तो आपको लाजिम है कि रूपया मय खर्चा नालिश में दाखिल करे ताकि कार्यवाही इजराय डिग्री को जो आपकी जान या माल दोनों पर ही करना न पड़े।

Seal

ए०सी०जी० फार्म नं० 33
H.C.J.PartVII-33 नमूना काबिल फरोक्त

**हेतु संदर्शित करने की सूचना**

न्यायालय—सिविल जज स्थान—सीनियर डिवीजन जिला—गोरखपुर
वाद संख्या—1056 सन् 2024 ई० वादी
घनश्याम दास सर्राफ बनाम राम निवास वर्मा वगैरह

न्यायालय नाम / वाद संख्या / पक्षकारों के नाम

(1) राम निवास वर्मा वयस्क उम्र लगभग 66 वर्ष पुत्र से जगरनाथ प्रसाद निवासी मोहल्ला—रायगंज दक्षिणी, सर्राफ कटरा, पाण्डेय हाता, तहसील—सदर, शहर व जिला—गोरखपुर—प्रतिवादी प्रथम पक्ष
(2) अनुराधा वर्मा / सर्राफ, व्यस्क पुत्री श्री भोलेनाथ सेठ (3) छवि, व्यस्क पुत्री श्री भोलेनाथ सेठ
**पता:—** फर्म बाबा ज्वेलर्स, लोवर परेल मुम्बई हाल मुकाम मार्फत श्री अरविन्द सेठ, आलमगंज, जौनपुर (उ०प्र०) प्रतिवादीगण द्वितीय पक्ष

चूँ ऊपर नामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये 2025 के 03 के 17 दिवस 10 बजे पूर्वांन्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण आमूविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपजात हों और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवतरित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज 2025 के 03 के 17 दिवस

न्यायालय

Seal

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग**

शिवाजी नगर मातृत्व गृह, गोवंडी

सं. एचओ/536/एसएनएमएच/एमओ/दिनांक 18.03.2025

विषयः- एम-पूर्व अनुबंध के आधार पर शिवाजी नगर मातृत्व गृह में श्रम और सहायक कर्मचारी उपलब्ध कराना

**विज्ञापन**

एम-पूर्व वार्ड के अंतर्गत शिवाजी नगर मातृत्व गृह ने एम/ई वार्ड में पंजीकृत अधिकृत स्थानीय एनजीओ से प्रस्ताव आमंत्रित किया है, जिनके पास न्यूनतम 6 महीने के लिए अनुबंध के आधार पर मातृत्व गृह में अनुभवी श्रम (स्वीपर, चपरासी, आयाबाई) और सहायक कर्मचारी उपलब्ध कराना का अनुभव है। इच्छुक एनजीओ सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं, आवेदन शुल्क रु.4800+ 18% जीएसटी रु.864 कुल रु.5664/- दिनांक से। 20.03.2025 से दिनांक 26.03.2025 तक सुबह 10:30 बजे से 03:00 बजे तक 7 आधिकारिक कार्य दिवसों में अवकाश को छोड़कर नीचे दिए गए पते पर आवेदन करें। यह आवेदन पत्र चिकित्सा अधिकारी शिवाजी नगर प्रसूति गृह के कक्ष में लॉटरी सिस्टम के रूप में खोले जाएंगे।

पता-<br>वैद्यकीय अधिकारी<br>शिवाजी नगर प्रसूति गृह तीसरी मंजिल<br>अहिल्याबाई होल्कर मार्ग,<br>शिवाजी नगर, गोवंडी (पश्चिम)-400043

हस्ता./-<br>वैद्यकीय अधिकारी<br>शिवाजी नगर प्रसूति गृह

पीआरओ/ 2860/विज्ञा./2024-25

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

# आनंद तेलतुंबडे ने विदेश यात्रा की मांगी अनुमति



**मुंबई।** प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के सदस्य और दलित अधिकार कार्यकर्ता डॉ. आनंद तेलतुंबडे ने विदेश यात्रा की अनुमति के लिए बॉम्बे हाई कोर्ट से अनुरोध किया है। उन्हें नीदरलैंड और यूके में डॉ. बी.आर. अंबेडकर पर व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित किया गया है। न्यायमूर्ति अजय गडकरी और कमल खता की पीठ ने इस याचिका पर राष्ट्रीय जांच एजेंसी (NIA) से जवाब मांगा है और मामले की सुनवाई दो सप्ताह बाद रखी है। एनआईए ने आरोप लगाया कि आनंद तेलतुंबडे 2018 के भीमा कोरेगांव हिंसा मामले में शामिल थे और एल्गार परिषद कार्यक्रम के संयोजकों में से एक थे, जिसने हिंसा को बढ़ावा दिया था। हालांकि, तेलतुंबडे ने इन आरोपों से इनकार किया है और आरोपमुक्त करने के लिए याचिका भी दायर की है।

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# गर्मी के तलख तेरह

कभी-कभी मार्च के महीने में ठंड-गर्मी के मिले जुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जा रहा है, उस दौरान अगर कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। इस दीवार पर लिखी इबारत के रूप में वैश्विक लहर का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरा असर पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में बदलते बदलाव देखें कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के इलाकों में समुद्र और कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने की आशंका जारी की है। एक ओर जहां झारखंड और ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के तेलंगाना में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर लिया गया। पश्चिम बंगाल के कई महासागरों में मंदी की खबरें हैं। मौसम विज्ञान हरित में पिछले अप्रैल वर्ष के महीनों में जैसी गर्मी महसूस की गई थी, वैसे ही गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसका कारण है कि देश के ऊपर उच्च दबाव लगाया गया है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आने वाले कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्सों में तेज़ गर्मी आ सकती है। ऐसे में हमारी कंपनी को वैश्विक जलवायु के घातक प्रभावों के स्वरूप में सुधार की आवश्यकता है। साथ ही नागरिकों को भी साइंटिस्ट करने की जरूरत है कि लोग का रहन-सहन, खान-पान और सार्वजनिक स्थानों पर कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी से प्रभावित लोगों के उपचार के लिए आपातकालीन वार्ड बनाए रखना आवश्यक है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि सीजन के तेहरों में तल्खी के अलावा हमारी खाद्य श्रृंखला भी खतरे में दिखाई दे रही है। इन तेज़ बदलावों के चलते जहाँ बाज़ारों की फ़िल्मों में गिरावट आ रही है, वहीं किसानों का पेट और किसान भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भारत में वैश्विक वैश्विक प्रभावों पर शोध करने वाली एक संस्था का कहना है कि क्षेत्रीय आधार पर चरम मौसम की मार अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग प्रभाव डाल रही है। अब तक देश के जो इलाके बाढ़ के प्रभाव के लिए जाने जाते थे, वहां अब गरीबों का असर दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर सूखे प्रभावित माने जाने वाले यूरोप में बाढ़ का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे में प्रोडक्ट की संख्या सैकड़ों में बताई जा रही है, जिसका असल असर फसल पर पड़ रहा है। यह तथ्य सर्वविदित है कि वैश्विक जलवायु का असर विश्व सहसंबंध पर है, लेकिन भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश के लिए यह प्रभाव कलांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। वहीं दूसरी ओर ओर समुद्री जल में जो जल वृद्धि हो रही है, उसके शेष देशों के कई द्वीप और समुद्रतटीय महासागर में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकटग्रस्त पहाड़ी राज्यों में प्रभावशाली स्थिति है। जहाँ फल और वस्तु उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ गिरने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों का आयोजन किया जाना है। वातावरण में बढ़ती ठंड के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई है। डेज़ साल देश के विभिन्न राज्यों में लू स्लोपॉन की संख्या पिछले दशक में सबसे अधिक थी। खतरा मंडरा रहा है कि इस बार हीट न्यू रिकॉर्ड बन सकता है, जिससे आपातकालीन स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर गंभीर होने की जरूरत है। दूसरी ओर, हमें बढ़ती तापमान के साथ दुनिया की कला भी सीखनी होगी।

# इतिहास के स्याह पक्ष से सबक लेने का वक्त

महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के युवा किसान कैलाश नागरे को पांच साल पहले युवा किसान पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्हें यह सम्मान कृषि-कार्य में उल्लेखनीय सफलता पाने और किसानों में जागरूकता लाने के लिए किये गये प्रयासों के कारण मिला था। पांच दिन पहले कैलाश नागरे ने आत्महत्या कर ली है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आत्महत्या का कारण यह था कि कैलाश भरसक प्रयास के बावजूद सरकार को उनके इलाके के खेतों में किसानों तक पानी पहुंचाने की मांग नहीं मनवा सके थे। इसलिए हताशा में कैलाश ने यह आत्मघाती कदम उठाया है। वैसे भी किसानों की आत्महत्याओं का सिलसिला महाराष्ट्र में थमने का नाम नहीं ले रहा। पिछले पांच महीनों में देश के इस उन्नत समझे जाने वाले राज्य में एक हज़ार से अधिक किसान आत्महत्या कर चुके हैं। विकास के दावों के बावजूद महाराष्ट्र सरकार पर ऋण का बोझ लगातार बढ़ रहा है। सन् 2014 में यह राशि 2.94 लाख करोड़ रुपये थी– 2024 में यह राशि बढ़कर 7.82 लाख करोड़ रुपये है।यह कुछ आंकड़े हैं जो चौंकाते भी हैं और परेशान भी करते हैं। परेशान इसलिए भी कि इन विषयों पर राज्य में चर्चा भी नहीं हो रही। इस बारे में न सरकार कुछ बोल रही है और न ही विपक्ष कुछ करता दिखाई दे रहा है। यह सब भुलाकर राजनीति के गलियारों में आज चर्चा एक ऐसे बादशाह की कब्र को लेकर हो रही है, जिसे मरे हुए सात सौ साल से अधिक हो चुके हैं। चर्चा ही नहीं हो रही आंदोलन शुरू हो गया है सारे राज्य में। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल जैसे संगठनों ने तो घोषणा कर दी है कि यदि महीने भर के भीतर सरकार इस कब्र को नष्ट नहीं कर देती तो उनके लाखों कार्यकर्ता 'कार सेवा करके' यह काम करेंगे। जहां तक सरकार का सवाल है राज्य के भाजपाई मुख्यमंत्री इसे एक 'दुर्भाग्य' बता रहे हैं कि उन्हें औरंगजेब जैसे बादशाह की कब्र की रक्षा का दायित्व निभाना पड़ रहा है। फिर भी उन्होंने घोषणा की है कि वे औरंगजेब का महिमामंडन नहीं होने देंगे। जी हां, विवादों के केंद्र में जो कब्र है वह मुगल बादशाह औरंगजेब की है। महाराष्ट्र के औरंगाबाद में 717 साल पहले औरंगजेब की मृत्यु हुई थी, और वहीं उसे दफना दिया गया था। औरंगजेब की इच्छा के अनुसार इस सादी-सी कब्र के ऊपर छत भी नहीं बनायी गयी थी। पहले छत्रपति शिवाजी महाराज और फिर उनके बाद मराठा शासकों को हराने में औरंगजेब को पूरी सफलता कभी नहीं मिल पायी। वह मराठा शासन को समाप्त करना चाहता था, पर उसी मराठा-भूमि में उसे अपने प्राण त्यागने पड़े! यह सब हमारे इतिहास का हिस्सा है। औरंगजेब की क्रूरता से सब परिचित हैं। यह भी सही है कि उसने जनता पर कई तरह से अत्याचार किये। यह भी जग जाहिर है कि उसने अनेक हिंदू मंदिरों को तोड़ा। यहां अनेक का मतलब सैकड़ों से लेकर हज़ारों तक बताया जाता है। उसकी क्रूरता का आलम यह था कि गद्दी हथियाने के लिए उसने अपने भाई को मरवा डाला, अपने पिता शाहजहां को आगरा के किले में बंदी बनाकर रखा, उसे पीने के लिए पानी भी नाप के दिया जाता था। औरंगजेब की क्रूरता हमारे इतिहास का हिस्सा है। इसी




तरह यह भी एक हकीकत है कि इस क्रूर शासक ने लगभग पचास साल तक राज किया था। इस दौरान उसने मंदिर तुड़वाये भी और मंदिर बनवाये भी। औरंगजेब ने वह सब किया जो कोई क्रूर शासक करता है।


शिवाजी महाराज का तो वह कुछ बिगाड़ नहीं सका, पर उनके बाद छत्रपति संभाजी महाराज के साथ उसने जो क्रूरता बरती वह अपने आप में किसी पराकाष्ठा से कम नहीं थी। छत्रपति संभाजी महाराज की गाथा इन दिनों सुनी-सुनायी जा रही है। उनके जीवन-चरित्र को लेकर बनी चर्चित फिल्म 'छावा' ने औरंगजेब के अत्याचारों को फिर से चर्चा का विषय बना दिया है। संभाजी नगर में औरंगजेब की कब्र को नष्ट करने की मांग से भी इस फिल्म का रिश्ता है। मांग यह की जा रही है कि यह कब्र एक क्रूर शासक को महिमामंडित करती है, इसलिए इसे तत्काल नष्ट कर दिया जाना चाहिए। दुर्भाग्य की बात यह है कि इस सारे विवाद को सांप्रदायिक रंग दिया जा रहा है। औरंगजेब मुस्लिम शासक था, उसने मंदिर तोड़े थे, उसने जजिया कर लगाया था, वह हद दर्जे का क्रूर था, ये सारी बातें अपनी जगह सही हैं। लेकिन हकीकत यह भी है कि औरंगजेब का होना हमारे इतिहास का एक अध्याय है। इतिहास से सीखने के लिए ज़रूरी है उसे याद रखा जाये। याद रखने का यह मतलब कतई नहीं है कि यह उसका महिमा-मंडन है। याद रखने का मतलब यह है कि हम इस बात के प्रति जागरूक रहें कि फिर कोई शासक औरंगजेब की तरह हम पर अत्याचार न कर सके। मैं भी गया था तीस-चालीस साल पहले औरंगजेब की कब्र देखने। जिज्ञासा थी कि स्वयं को आलमगीर कहने वाले उस क्रूर शासक ने अपनी कब्र कैसे बनवायी थी। उसे देखकर मेरे मन में कहीं भी उस शासक के महिमा-मंडन जैसी बात नहीं आयी थी। जो बात मन में आयी थी वह यह थी कि भाइयों को मरवा कर, पिता को कैद करके, प्रजा पर अत्याचार करके उस शासक को अंततः क्या हासिल हुआ। वह कच्ची कब्र! हमारे इतिहास से यदि हमें कुछ सीखना है तो वह यह है कि कोई और औरंगजेब क्रूरता और अत्याचार से महान नहीं बन सकता। इतिहास के ऐसे अध्याय को याद रखना ज़रूरी है, ताकि अब किसी को दुहराने न दिया जाये। जर्मनी में हिटलर के अत्याचार के सारे निशान सुरक्षित रखे गये हैं, ताकि आने वाली पीढ़ियों में अत्याचार के खिलाफ भावना बन सके, बनी रहे। आज जो विवाद इस कब्र के संदर्भ में उठ रहा है, दुर्भाग्य से, इतिहास से कुछ सीखने का उससे कोई रिश्ता नहीं। जो हो रहा है उससे स्पष्ट है कि कुछ मुद्दों को भटकाने के लिए कुछ मुद्दे उठाये जा रहे हैं। कुछ भुलाने के लिए कुछ याद दिलाया जा रहा है। इतिहास के गड़े मुर्दे उखाड़ कर देश में हिंदू-मुसलमान के भेद को हवा दी जा रही है। इतिहास का अर्थ है जो हुआ था। जो हुआ था वह सब दुहराने की नहीं, उससे कुछ सीख कर आगे बढ़ने की आवश्यकता है। यह दुर्भाग्य ही है कि आज सांप्रदायिकता की आग को हवा देने की कोशिशें हो रही हैं, इन्हीं कोशिशों का हिस्सा यह तथ्य भी है कि बुलढाणा के युवा किसान की आत्महत्या जैसे मुद्दों को भुला देने वाला इतिहास बनाया जा रहा है और भुला देने जैसी बातों को कुरेद-कुरेद कर सामने लाया जा रहा है। किसी औरंगजेब का अत्याचार बीते हुए कल की बात है। आने वाले कल का तकाज़ा है कि हम देश की आर्थिक और सामाजिक विषमता, गरीबी, बेरोज़गारी जैसे मुद्दों को याद रखें। किसी क्रूर शासक की मजार का होना न होना कोई मायने नहीं रखता, मायने यह बात रखती है कि हम अपने आने वाले कल को बेहतर बनाने के प्रति कितने जागरूक हैं। इस जागरूकता का तकाज़ा है कि हम अपने देश को विभाजन की आग से बचाएं। विभाजन की आग की गर्म लपटें नहीं, धार्मिक सौहार्द की हवा के ठंडे झोंकों की जरूरत है हमें।

जीवन मंत्र

# घोड़ा भी उड़ सकता है

चीन में ताओवादी कथाएं खूब प्रचलित हैं, जिनके माध्यम से गुरु शिष्यों को ज्ञान देते थे। ओशो ने ऐसी कथाओं का खूब उपयोग किया हैं।

चीन में ताओवादी कथाएं खूब प्रचलित हैं, जिनके माध्यम से गुरु शिष्यों को ज्ञान देते थे। ओशो ने ऐसी कथाओं का खूब उपयोग किया है। ऐसी ही एक कथा है कि एक सम्राट अपने वजीर पर किसी बात से नाराज हो गया और उसे फांसी की सजा सुना दी, लेकिन जिस दिन वजीर को फांसी लगने वाली थी, अचानक वह एक शानदार घोड़े पर सवार होकर घर वापस लौट आया। पत्नी-बेटों को भरोसा न हुआ। उन्होंने पूछा, यह चमत्कार कैसे हुआ? वजीर ने कहा- चमत्कार ही समझो। राज्य का नियम है कि फांसी के घंटे भर पहले सम्राट कैदी से मिलने आते हैं, सो महाराज मुझसे भी मिलने आए। मैंने सोचा, फांसी से बचने के लिए एक आखिरी दांव लगाना बुरा नहीं। मैं फफक-फफककर रोने लगा। सम्राट ने कहा कि तुम एक बहादुर आदमी रहे हो, तुमने अनेक युद्ध लड़े; तुम भी रोओगे, यह मैं सोच नहीं सकता था। मैंने कहा, मैं मौत सामने देखकर नहीं रो रहा हूं, मैं तो आपके घोड़े को देखकर रो रहा हूं, जो आप बाहर बांध आए हैं। वजीर ने राजा से आगे कहा, मैंने एक कला सीखी थी; मैं घोड़ों को



आकाश में उड़ना सिखा सकता हूं। लेकिन एक खास नस्ल का घोड़ा चाहिए। जिंदगी भर उसे खोजता रहा, वह नहीं मिला; जिस घोड़े पर बैठकर आप अभी आए हैं, यह उसी नस्ल का घोड़ा है। रो इसलिए रहा हूं कि मेरी सारी कला व्यर्थ जाएगी। घंटे भर बाद मुझे मरना है; मेरे साथ ही यह कला खो जाएगी। सम्राट लोभी था। उसने सोचा कि अगर उसके पास उड़ने वाला घोड़ा हो, तो जगत में उसका कोई मुकाबला न हो। उसने वजीर से पूछा, कितना समय चाहते हो? वजीर ने कहा, एक साल में इस घोड़े को उड़ना सिखा दूंगा। सम्राट ने कहा, अगर एक साल में घोड़ा उड़ना सीख गया, तो तुम्हारी जान तो बचेगी ही, मैं तुम्हें अपना दामाद भी बनाऊंगा। लेकिन अगर एक साल बाद भी घोड़ा उड़ना न सीख पाया, तो तुम्हारी फांसी पक्की। वजीर की बीवी छाती पीट-पीटकर रोने लगी कि यह तुमने क्या किया? मुझे भली-भांति पता है कि ऐसी कोई कला तुम नहीं जानते। वजीर ने कहा, वह तो मुझे भी पता है, लेकिन साल भर में कुछ भी हो सकता है- घोड़ा मर जाए, सम्राट मर जाएं या मैं मर जाऊं या कौन जाने, घोड़ा वाकई उड़ना सीख जाए ! साल भर बहुत लंबा वक्त है और दुनिया में चमत्कार तो घटते हैं। तात्पर्य यह है कि थोड़ा धीरज हो, तो कुछ भी संभव हो सकता है। यह आशावादिता, दृढ़ भरोसा हवाओं के रुख बदल देता है। वर्तमान का आनंद लो और खतरे से खेलो। वजीर ने यही कहा कि एक साल मिला है, उसको जी लें और घोड़ा न भी उड़े, मगर सम्राट का मन तो बदल ही सकता है!

## शख्सियत — खुशवंत सिंह

# लेखक, कवि और स्तंभकार



आज ही के दिन यानी की 20 मार्च को देश के जाने-माने लेखक, कवि और स्तंभकार खुशवंत सिंह का निधन हो गया था। उन्हें एक ऐसी शख्सियत के तौर पर जाना जाता था, जो लोगों के चेहरे पर मुस्कान ला दें। खुशवंत सिंह अपने अंतिम दिनों में कहा करते थे कि भले ही उनका जिस्म बूढ़ा हो चुका है, लेकिन आंखों में बदमाशी आज भी मौजूद है।


पाकिस्तान पंजाब के खुशाब के हदाली जिले में 02 फरवरी 1915 को खुशवंत सिंह का जन्म हुआ था। उन्होंने दिल्ली के सेंट स्टीफन कॉलेज से अपनी पढ़ाई पूरी की और आगे की पढ़ाई लंदन के किंग्स कॉलेज से पूरी की। वह एक प्रबल राजनीतिक आलोचक भी रहे। खुशवंत सिंह साल 1980 से लेकर 1986 तक राज्यसभा के मनोनीत सदस्य रहे। वहीं अगर उनके निजी जीवन के बारे में बात करें तो साल 1939 में खुशवंत सिंह ने कवल मलिक से शादी की थी। खुशवंत सिंह और कवल मलिक के बेटे का नाम राहुल सिंह और बेटी का नाम माला है। खुशवंत सिंह की एक खास बात यह भी रही कि वह जितने लोकप्रिय भारत में थे, उतने ही लोकप्रिय वह पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान में भी थे। उनकी किताब 'ट्रेन टू पाकिस्तान' काफी ज्यादा लोकप्रिय हुई थी। उनके इस बुक पर फिल्म भी बन चुकी है। इसके अलावा खुशवंत सिंह को तमाम पुरस्कारों से भी सम्मानित किया गया। उनको पद्म भूषण और पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया। उनके बारे में कहा गया कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी एक जिंदादिल इंसान के तौर पर पूरी कर्मठता के साथ बिताए थे। पेशेवर जिंदगी में खुशवंत सिंह ने एक पत्रकार के तौर पर बहुत ख्याति अर्जित की थी। साल 1951 में वह आकाशवाणी से भी जुड़े थे। इस दौरान उन्होंने साल 1951 से 1953 तक भारत सरकार के पत्र 'योजना' के संपादन का कार्य किया था। इसके अलावा वह साल 1980 तक मुंबई से प्रकाशित फेमस अंग्रेजी साप्ताहिक 'इलस्ट्रेटेड वीकली ऑफ इंडिया' और 'न्यू डेल्ही' के संपादक रहे। फिर 1983 तक खुशवंत ने दिल्ली के प्रमुख अंग्रेजी दैनिक 'हिंदुस्तान टाइम्स' का भी संपादन किया था। बताया जाता है कि हर हफ्ते आने वाले उनके कॉलमों का पाठक बेसब्री से इंतजार किया करते थे। उनकी रचनाएं राजनीतिक टिप्पणी और समकालीन व्यंग्य तक शामिल हैं। खुशवंत सिंह ने जीवन के आखिरी पड़ाव तक लिखना नहीं छोड़ा था। वहीं 20 मार्च 2014 को खुशवंत सिंह ने हमेशा के लिए इस दुनिया को अलविदा कह दिया था।

## जीवन ऊर्जा — हेनरिक इबसेन : जन्म 20 मार्च 1828 — जन्म

हेनरिक इबसेन नॉर्वे के प्रसिद्ध लेखक थे। उनका जन्म 20 मार्च 1828 में हुआ और 23 मई 1906 में उनका निधन हो गया। उन्होंने ऐसे नाटक लिखे जो वास्तविक जीवन के बारे में बात करते थे। उनके कुछ प्रसिद्ध नाटक ए डॉल्स हाउस और हेडा गैबलर हैं। लोग कहते हैं कि उन्होंने अपनी कहानियों की वजह से थिएटर को हमेशा के लिए बदल दिया। हेनरिक इबसेन को एक महान नाटककार के रूप में याद किया जाता है।

# दुनिया में सबसे मजबूत आदमी वह है जो सबसे अकेला खड़ा है

जब आप आज़ादी और सच्चाई के लिए लड़ने जाते हैं तो आपको कभी भी अपना सबसे अच्छा पतलून नहीं पहनना चाहिए। दुनिया में सबसे मजबूत आदमी वह है जो सबसे अकेला खड़ा है। बहुसंख्यक को कभी भी अपने पक्ष में अधिकार नहीं होता। मैं कहता हूं, कभी नहीं! यह उन सामाजिक झूठों में से एक है जिसके खिलाफ एक स्वतंत्र, बुद्धिमान व्यक्ति को युद्ध छेड़ना चाहिए। वह कौन है जो किसी देश में बहुसंख्यक आबादी का गठन करता है? क्या यह है चतुर लोग, या मूर्ख? मुझे नहीं लगता कि आप इस तथ्य पर विवाद करेंगे कि वर्तमान में मूर्ख



लोग पूरी दुनिया में भारी बहुमत में हैं। वर्तमान समय के समाज में एक महिला खुद नहीं हो सकती है, जो एक विशेष रूप से मर्दाना समाज है, जिसमें पुरुषों द्वारा बनाए गए कानून हैं और न्यायिक प्रणाली है जो मर्दाना दृष्टिकोण से स्त्री आचरण का न्याय करती है। हमारे समाज में सत्य और स्वतंत्रता का सबसे बड़ा दुश्मन सघन बहुमत है। जीने का मतलब ट्रोल्स से युद्ध करना है। शक्ति का महान रहस्य कभी भी अपनी क्षमता से अधिक करने की इच्छा न करना है। बहुमत के अत्याचार से कोई मुक्ति नहीं है। इस जीवन में खुशी की लालसा करना विद्रोह की भावना का प्रतीक है। सच्चाई की भावना और स्वतंत्रता की भावना - ये समाज के आधार हैं। स्वतंत्रता और सच्चाई की लड़ाई में जाने के लिए किसी को कभी भी अपना सबसे अच्छा पतलून नहीं पहनना चाहिए। शक्ति का महान रहस्य कभी भी अपनी क्षमता से अधिक करने की इच्छा न करना है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# जीवन में जो भी होता है वो सबसे अच्छा होता है।


सन्तों की अपनी ही मौज होती है एक सन्त अपने शिष्य के साथ किसी अजनबी नगर में पहुँचे रात हो चुकी थी और वह दोनों सिर छुपाने के लिए किसी आसरे की तलाश में थेउन्होंने एक घर का दरवाजा खटखटाया वह एक धनिक का



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

घर था और अंदर से परिवार का मुखिया निकलकर आया वह संकीर्ण वृत्ति का था उसने कहा मै आपको अपने घर के अन्दर तो नहीं ठहरा सकता लेकिन तलघर में हमारा स्टोर बना है आप चाहें तो वहाँ रात को रुक सकते हैंलेकिन सुबह होते ही आपको जाना होगा वह सन्त अपने शिष्य के साथ तलघर में ठहर गए।

वहाँ के कठोर फर्श पर वह सोने की तैयारी कर रहे थे कि तभी सन्त को दीवार में एक दरार नजर आई सन्त उस दरार के पास पहुँचे और कुछ सोचकर उसे भरने में जुट गए शिष्य के कारण पूछने पर सन्त ने कहा चीजे हमेशा वैसी नहीं होती जैसी दिखती है अगली रात वह दोनों एक गरीब किसान के घर आसरा मांगने पहुँचे किसान और उसकी पत्नी ने प्रेमपूर्वक



उनका स्वागत किया। उस धनिक के तलघर में दरार से मैंने यह देखा कि उस दीवार के पीछे स्वर्ण का भण्डार था उस घर का मालिक बेहद लोभी और कृपण था। इसलिए मैंने उस दरार को बन्द कर दिया, ताकि स्वर्ण भण्डार उसके हाथ ना लगे इस किसान के घर में हम इसके बिस्तर पर सोए थे रात्रि में इस किसान की पत्नी की मौत लिखी थी और जब यमदूत उसके प्राण हरने आए तो मैंने रोक दिया लेकिन वह खाली हाथ नहीं जा सकते थे इसलिए मैंने उनसे किसान के बैल के प्राण ले जाने के लिए कहा यह सुनकर शिष्य सन्त के समक्ष नतमस्तक हो गया ठीक इसी तरह गुरु की कृपा वह नहीं है जो हम चाहते बल्कि गुरुकृपा तो वह है। जो गुरुदेव चाहते हैं सच्ची कृपा वही होती है जो गुरु या ईश्वर चाहते हैं हम अपनी इच्छाओं के अनुसार गुरुकृपा की अपेक्षा नहीं कर सकतेबल्कि हमें विश्वास रखना चाहिए कि जो भी होता है हमारे जीवन में वह सबसे उचित होता है। दान और सेवा का सच्चा फल मिलता है।

दयालु और सेवा भाव रखने वाले व्यक्ति को दीर्घकालिक सुख और आशीर्वाद प्राप्त होते हैं जबकि स्वार्थी और लालची व्यक्ति अपने लाभ से वंचित रह जाते हैं कर्मों का फल निश्चित होता है। अच्छे कर्म करने वालों को किसी न किसी रूप में ईश्वर की कृपा मिलती है जबकि बुरे कर्म करने वालों को अपने कर्मों का दंड भुगतना ही पड़ता है।

## अपने विचार

अगर भाजपा सरकार 300 साल पुरानी औरंगजेब की कब्र हटाना चाहती है तो जरूर हटाए लेकिन उस समारोह में अपने दो साथियों बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जरूर बुला ले।



**-उद्धव ठाकरे ,** शिवसेना( यूबीटी ) प्रमुख

टैरिफ और प्रतिबंध आज की हकीकत हैं, देश इनका उपयोग करते हैं। यदि हम पिछले एक दशक पर नजर डालें, तो हमने देखा है कि आर्थिक गतिविधि का बड़े पैमाने पर सैन्यीकरण किया गया है। इसमें वित्तीय प्रवाह, ऊर्जा आपूर्ति और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं।



**-एस.जयशंकर**,विदेश मंत्री, भारत

राहत तो मिलना ही है, हम लोगों ने कोई गुनाह थोड़े न किया है। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर हम लोगों को फंसाने की कोशिश कर रहे हैं। जब भी चुनाव आता है तो ये लोग यही काम करते हैं।



**-राबड़ी देवी**,पूर्व मुख्यमंत्री,बिहार

अनिल परब को यह नहीं भूलना चाहिए कि मैंने जो कुछ भी किया, खुलेआम किया और मैंने यह शिवसेना को औरंगजेब (कांग्रेस) से सहानुभूति रखने वालों से बचाने के लिए किया। यह कांग्रेस ही थी जिसने औरंगजेब की कब्र को सुरक्षा प्रदान की थी।



**-एकनाथ शिंदे,** डिप्टी सीएम, महाराष्ट्र

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

## मल-निस्सारण परियोजना से प्रभावित सड़कों का कार्य पूरा होगा : सामंत

**मुंबई/अकोला।** अकोला शहर में केंद्र सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत मल-निस्सारण परियोजना शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत भूमिगत सीवर लाइन बिछाने का कार्य 96 सड़कों पर प्राथमिकता से किया जाएगा, जिन्हें मंजूरी मिलने के बावजूद अब तक पूरा नहीं किया गया था। मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में जानकारी दी कि इस परियोजना से प्रभावित सड़कों का कार्य शीघ्र पूरा किया जाएगा।

## वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रशांत सिनकर को मानद डॉक्टरेट



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

वरिष्ठ पत्रकार डॉ. प्रशांत रवींद्र सिनकर को अमेरिका की ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी ने पत्रकारिता और पर्यावरण विज्ञान में मानद डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया है। पिछले 26 वर्षों से पर्यावरण जागरूकता के लिए समर्पित डॉ. सिनकर के कार्यों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है।

**पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान**

डॉ. प्रशांत सिनकर ने मुंबई, ठाणे और पालघर जिलों के शहरी, ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में जल और पर्यावरण संरक्षण पर गंभीर पत्रकारिता की है। उनके रिपोर्टिंग कार्यों ने कई क्षेत्रों में जल संरक्षण और पर्यावरण पुनरोद्धार की दिशा में सकारात्मक पहल को प्रेरित किया है।

# मध्य रेल की एसी लोकल टास्क फोर्स का कमाल

▶▶ 100% शिकायतों का समाधान

▶▶ अनियमित यात्रा पर सख्त कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मध्य रेल के मुंबई मंडल ने यात्रियों की संरक्षा और आराम को प्राथमिकता देते हुए एसी लोकल ट्रेनों में अनियमित यात्रा पर सख्त नियंत्रण के लिए एसी क्लास टास्क फोर्स का गठन किया। 25 मई 2024 से शुरू हुई इस पहल के तहत यात्रियों की शिकायतों का त्वरित समाधान और बिना टिकट यात्रा करने वालों पर कार्रवाई सुनिश्चित की गई।






### 24/7 व्हाट्सएप सेवा से शिकायतों का त्वरित निपटारा

- यात्रियों की शिकायतों को तुरंत हल करने के लिए व्हाट्सएप शिकायत नंबर 7208819987 शुरू किया गया। इस पहल से यात्रियों को पीक ऑवर्स में भी तत्काल सहायता मिल रही है।

### 8735 शिकायतें दर्ज (25 मई 2024 से 10 मार्च 2025 तक)

- 25 मई-2024 से 10 मार्च-2025 की अवधि के दौरान, इस संख्या के बराबर कुल 8735 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 157 पर तुरंत कार्रवाई की गई, जबकि 8578 शिकायतों का अगले दिन समाधान किया गया, जो शिकायतों का 100% समाधान दर्शाता है। इस सक्रिय प्रवर्तन के कारण शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है, शिकायतों का दैनिक औसत जून-2024 में 79 से घटकर मार्च-2025 में 11 हो गया है। प्रतिदिन प्राप्त होने वाली अधिकतम शिकायतें भी जून-2024 में प्रतिदिन 228 से घटकर दिनांक 10.3.2025 तक 23 हो गई हैं।

### अनियमित यात्रियों पर सख्ती, करोड़ों का जुर्माना वसूला

25 मई-2024 से 10 मार्च-2025 की अवधि के दौरान एसी लोकल में बिना उचित टिकट के यात्रा करने वाले 82,776 यात्रियों को पकड़ा गया और जुर्माने के रूप में 2.71 करोड़ रुपये की राशि वसूल की गई, यानी प्रतिदिन बिना उचित टिकट के यात्रा करने वाले औसतन 348 यात्री और प्रतिदिन औसतन 1.14 लाख रुपये की वसूली हुई। एसी क्लास टास्क फोर्स के अलावा, मध्य रेल बिना टिकट यात्रा पर अंकुश लगाने के लिए एसी लोकल में गहन टिकट जांच अभियान चलाता है। इन जाँचों से वित्त वर्ष 2024-25 (9 मार्च-2025 तक) के दौरान एसी लोकल में अनियमित यात्रा के 92,217 मामलों का पता लगाने में मदद मिली है, जिससे 3.03 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया, जबकि वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 40,335 मामलों से 1.33 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूला गया। यह पिछले वर्ष की तुलना में मामलों की संख्या में 128% और जुर्माना राशि में 126% की वृद्धि दर्शाता है। विशेष रूप से, मध्य रेल का मुंबई उपनगरीय नेटवर्क प्रतिदिन अपनी 1810 सेवाओं के माध्यम से लगभग 3.9 मिलियन यात्रियों को ले जाता है, जिसमें प्रतिदिन 66 एसी लोकल सेवाएँ शामिल हैं, जो प्रतिदिन लगभग 78000 यात्रियों को ले जाती हैं।

## शिक्षक प्रशिक्षण सत्र संपन्न



### ▶▶ बच्चों की सुरक्षा को लेकर शिक्षकों को दिया गया विशेष प्रशिक्षण

**सुशील सिंह | कल्याण**

कल्याण-डोंबिवली महानगर पालिका शिक्षा विभाग के तहत बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यशाला में स्कूल बस परिवहन, साइबर सुरक्षा, स्कूल बस चालकों की निगरानी और अन्य सुरक्षा उपायों पर शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी गई।

### कार्यशाला में मार्गदर्शकों का योगदान

यह कार्यशाला महापालिका शिक्षा विभाग के उपायुक्त संजय जाधव, प्रशासन अधिकारी रमेश चव्हाण और शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। आयोजन की योजना सहायक कार्यक्रम अधिकारी अर्चना जाधव द्वारा तैयार की गई थी।

### प्रमुख मार्गदर्शकों द्वारा दी गई महत्वपूर्ण जानकारियां

विजय जाधव (समतोल फाउंडेशन, ठाणे) और अनिल कु *हाडे (जिला परिषद, ठाणे) ने बच्चों की सुरक्षा पर मार्गदर्शन दिया। सुभेदारवाडा हाईस्कूल की उपमुख्याध्यापिका रंजना पाटील और प्राथमिक विभाग की पोतदार मैडम ने शिक्षकों को जागरूक किया। तकनीकी सहायता चंदन माने ने प्रदान की, जबकि समन्वयक के रूप में गुरुनाथ इसामे और प्रदीप भोईर ने कार्यों का संचालन किया। शिक्षा अधिकारी विजय सरकटे ने विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर अतिरिक्त जानकारी दी।

## म्हाडा मुख्यालय का होगा कायाकल्प

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बांद्रा के म्हाडा भवन का जल्द ही सौंदर्यीकरण किया जाएगा। इस परियोजना पर 1.5 करोड़ रुपये की लागत आएगी और इसके लिए निविदाएं जारी की जा रही हैं। म्हाडा भवन परिसर के पांच क्षेत्रों को विकसित किया जाएगा, जहां बैठने की व्यवस्था, फूलों की सजावट, रेत पर चलने और टेबल वॉकिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

- म्हाडा भवन का सौंदर्यीकरण जल्द शुरू
- 1.5 करोड़ की लागत से बदलेगा रूप

**50 साल पुराने भवन का कायाकल्प**

म्हाडा भवन का निर्माण 1971 में हुआ था और यह 50 वर्ष से अधिक पुराना है। पूर्व में भवन की मरम्मत और रंग-रोगन का कार्य किया जा चुका है। अब इसके बाहरी स्वरूप को और आकर्षक बनाने का निर्णय लिया गया है।

**जल्द शुरू होगा कार्य, 4-5 महीनों में होगा पूरा**

सौंदर्यीकरण का कार्य प्रशासनिक और तकनीकी स्वीकृति मिलने के बाद शुरू किया जा रहा है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही अगले चार से पांच महीनों में यह कार्य पूरा करने की योजना है। छोटे पार्क और पैदल चलने की विशेष सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

**ग्लूकोमा से नौ फीसदी मरीज पीड़ित**

## ठाणे सिविल अस्पताल में जागरूकता सप्ताह संपन्न

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणेः बहुत से लोग स्वास्थ्य जांच के दौरान आंखों की जांच को नजरअंदाज कर देते हैं, जिससे गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। ग्लूकोमा (काला मोतिया) शुरू में कोई लक्षण नहीं दिखाता, लेकिन उपेक्षा करने पर स्थायी अंधापन का कारण बन सकता है। हाल ही में ठाणे सिविल अस्पताल में आयोजित ग्लूकोमा सप्ताह के दौरान 275 मरीजों की जांच की गई, जिनमें से नौ प्रतिशत यानी 23 मरीजों में ग्लूकोमा के लक्षण पाए गए। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार और अतिरिक्त जिला शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महंगड़े के मार्गदर्शन में इस विशेष जांच शिविर का आयोजन



किया गया। 275 मरीजों की जांच की गई। 23 मरीजों में ग्लूकोमा के लक्षण मिले। 12 मरीजों का इलाज आईड्रॉप से संभव है, जबकि 1 मरीज को सर्जरी की जरूरत होगी।

### ग्लूकोमा का उपचार संभव

नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. शुभांगी अंबेडकर के अनुसार, आईड्रॉप और लेजर तकनीक से ग्लूकोमा का इलाज संभव है। समय पर जांच और उपचार से अंधेपन से बचा जा सकता है। ग्लूकोमा सप्ताह के सफल आयोजन में डॉ. संगीता माकोड़े, डॉ. प्रासन्ना देशमुख, डॉ. शुभांगी अंबेडकर, डॉ. गौरी कुलकर्णी, डॉ. कल्पना माले, ज्योति गरड और नम्रता काशिद ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### ग्लूकोमा क्या है और क्यों खतरनाक है?

ग्लूकोमा एक गंभीर नेत्र रोग है, जिसमें आंखों के अंदर तरल पदार्थ का प्रवाह रुक जाता है, जिससे दबाव बढ़ता है और ऑप्टिक नर्व को नुकसान होता है। यह धीरे-धीरे दृष्टि कम करने और अंततः अंधेपन का कारण बन सकता है।

## बिजली आपूर्ति के लिए नई ऊर्जा परियोजनाओं पर जोर

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मुंबई। महाराष्ट्र में बिजली आपूर्ति को अधिक कुशल बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जा रहा है। राज्य सरकार चरणबद्ध तरीके से नई ऊर्जा परियोजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। ऊर्जा राज्य मंत्री मेघना साकोरे-बोर्डिकर ने विधान परिषद में यह जानकारी दी।



### बिजली उत्पादन में सुधार की योजना

राज्य मंत्री मनीषा कायंदे द्वारा बिजली उत्पादन इकाइयों के बंद होने से जुड़ी चिंता का जवाब दे रही थीं। उन्होंने कहा कि रखरखाव और मरम्मत के लिए कुछ इकाइयां अस्थायी रूप से बंद रहती हैं। तकनीकी खराबी के कारण भी कुछ इकाइयों को बंद करना पड़ता है। महाराष्ट्र का प्लांट लोड फैक्टर (PLF) देश में दूसरी सबसे ऊंची दर पर है। केंद्र सरकार के निर्देशानुसार कुछ पुरानी परियोजनाएं 2030 तक चालू रखी जाएंगी।

### नई परियोजनाओं पर जोर

भुसावल में 660 मेगावाट की नई परियोजना शुरू की जा रही है। चंद्रपुर में 800 मेगावाट की एक और परियोजना प्रगति पर है। पुरानी सरकारी बिजली परियोजनाओं को आधुनिक तकनीक के साथ अपग्रेड किया जा रहा है। राज्य मंत्री ने बताया कि जनवरी में 3.31 रुपये प्रति यूनिट की दर से 82.5 मिलियन यूनिट बिजली खरीदी गई, जो निजी कंपनियों की तुलना में महंगी नहीं थी।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस पर महिला न्यायाधीशों का सम्मान

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

अंतर्राष्ट्रीय महिला न्यायाधीश दिवस के अवसर पर ठाणे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा ठाणे जिला परिवार न्यायालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 17 महिला न्यायाधीशों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष श्रीनिवास अग्रवाल के मार्गदर्शन में न्यायपालिका के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में न्यायाधीश ईश्वर सूर्यवंशी ने महिलाओं के खिलाफ बढ़ती हिंसा पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि बच्चियों पर हो रहे अमानवीय अत्याचार समाज के नैतिक पतन को दर्शाते हैं। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश आर.यू. मालवणकर ने बाल यौन शोषण पर चिंता जताई, जबकि न्यायाधीश ए.वी. अलंगे ने महिला अधिकारों पर जोर दिया।


**महिलाओं के सशक्तिकरण की आवश्यकता**

कुटुंब न्यायालय की प्रधान न्यायाधीश एन.ए. कांक ने कहा कि महिलाएं सशक्त हैं, लेकिन उनके अधिकारों की रक्षा और सख्त अनुपालन की जरूरत है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एस.के. फोकमारे ने महिलाओं की उपलब्धियों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला।

## पुणे में कौशल विकास केंद्र स्थापित होगा: मंत्री उदय सामंत

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पुणे में युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (CSR) के तहत एक कौशल विकास केंद्र स्थापित किया जाएगा। यह घोषणा मंत्री उदय सामंत ने विधानसभा में ध्यानाकर्षण सूचना के जवाब में की। सदस्य विजय शिवतारे और भीमराव तापकीर ने पुणे महानगरपालिका (PMC) में हाल ही में शामिल गांवों की समस्याओं को उठाया। मंत्री सामंत ने बताया कि फुरसुंगी और उरुली देवाची को PMC से अलग कर स्वतंत्र नगर परिषद बनाया गया है, जिसे 'A' श्रेणी का दर्जा मिलेगा।



### जल आपूर्ति और बुनियादी सुविधाएं

- जांभुलवाड़ी तालाब से जल आपूर्ति के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (DPR) तैयार की जाएगी और तालाब का सौंदर्यीकरण भी किया जाएगा। इसके अलावा, पुणे महानगरपालिका में शामिल 32 गांवों की समस्याओं के समाधान के लिए जल्द बैठक बुलाई जाएगी।

### संपत्ति कर में नहीं होगी बढ़ोतरी

मंत्री ने आश्वासन दिया कि नव शामिल गांवों में संपत्ति कर दोगुना नहीं होगा। जब तक इसकी पुनः समीक्षा नहीं होती, तब तक कर वसूली को स्थगित कर दिया गया है। फुरसुंगी कचरा डिपो से नागरिकों को कोई असुविधा न हो, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और इस संबंध में विस्तृत योजना बनाई जाएगी।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — आज प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोर्ट व कचहरी में अनुकूलता रहेगी। धनार्जन होगा। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। प्रमाद न करें। व्यापार-व्यवसाय में इच्छित लाभ की संभावना है। भाइयों की मदद मिलेगी।

**वृष** — संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। बेरोजगारी दूर होगी। धन की आवक बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य न करें। लक्ष्य को ध्यान में रखकर प्रयत्न करें, सफलता मिलेगी। शुभ कार्यों में संलग्न होने से सुयश एवं सम्मान प्राप्त हो सकेगा।

**मिथुन** — रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें।

**कर्क** — आज घर में क्रोध पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दुःखद समाचार मिल सकता है। चिंता बनी रहेगी। व्यापार-व्यवसाय में सावधानी रखें। वास्तविकता को महत्व दें। प्रयासों में सफलता के योग कम हैं।

**सिंह** — मेहनत का फल मिलेगा। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। शत्रु शांत रहेंगे। धनार्जन होगा। आज विशेष लाभ होने की संभावना है। बुद्धि एवं मनोबल से सुख-संपन्नता बढ़ेगी। व्यापार में कार्य का विस्तार होगा।

**कन्या** — मेहमानों का आवागमन होगा। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। मान बढ़ेगा। जल्दबाजी न करें। जोखिम के कार्यों से दूर रहें। पराक्रम में वृद्धि होगी। परिवार में सहयोग का वातावरण रहेगा।

**तुला** — यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। प्रयास की मात्रा के अनुसार लाभ की अधिकता रहेगी।

**वृश्चिक** — वाणी पर नियंत्रण रखें। अप्रत्याशित बड़े खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है, जोखिम न लें। अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करें। उदर विकार के योग के कारण खान-पान पर संयम रखें।

**धनु** — नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए।

**मकर** — नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे। जोखिम न लें। वाणी पर नियंत्रण रखना होगा। व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा।

**कुंभ** — कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी। धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीन** — वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

## शादी में रुकावट दूर करने के कुछ चमत्कारिक उपाय -

**भाग-2**

"कात्यायनि महामाये महायोगिन्यधीश्वरि।
नन्दगोप सुतं देवि पतिं मे कुरु ते नमः।।



जन्म कुण्डली में सूर्य, शनि, मंगल, राहु एवं केतु आदि पाप ग्रहों के कारण विवाह में विलम्ब हो रहा हो, तो गौरी-शंकर रुद्राक्ष शुद्ध एवं प्राण-प्रतिष्ठित करवा कर निम्न मन्त्र का १००८ बार जप करके पीले धागे के साथ धारण करना चाहिए।



प्रियंका जैन
9769994439

गौरी-शंकर रुद्राक्ष सिर्फ जल्द विवाह ही नहीं करता बल्कि विवाहोपरान्त पति-पत्नी के बीच सुखमय स्थिति भी प्रदान करता है।

"ॐ सुभगामै च विद्महे काममालायै धीमहि तन्नो गौरी प्रचोदयात्।।"

ॐ गौरी आवे शिव जी व्याहवे (अपना नाम) को विवाह तुरन्त सिद्ध करे, देर न करै, देर होय तो शिव जी का त्रिशूल पड़े। गुरु गोरखनाथ की दुहाई।।

उक्त मन्त्र की ११ दिन तक लगातार १ माला रोज जप करें। दीपक और धूप जलाकर ११वें दिन एक मिट्टी के कुल्हड़ का मुंह लाल कपड़े में बांध दें। उस कुल्हड़ पर बाहर की तरफ ७ रोली की बिंदी बनाकर अपने आगे रखें और ऊपर दिये गये मन्त्र की ५ माला जप करें। चुपचाप कुल्हड़ को रात के समय किसी चौराहे पर रख आवें। पीछे मुड़कर न देखें। सारी रुकावट दूर होकर शीघ्र विवाह हो जाता है।

जिस लड़की के विवाह में बाधा हो उसे मकान के वायव्य दिशा में सोना चाहिए। लड़की के पिता जब जब लड़के वाले के यहाँ विवाह वार्ता के लिए जायें तो लड़की अपनी चोटी खुली रखे। जब तक पिता लौटकर घर न आ जाए तब तक चोटी नहीं बाँधनी चाहिए। लड़की गुरुवार को अपने तकिए के नीचे हल्दी की गांठ पीले वस्त्र में लपेट कर रखे। पीपल की जड़ में लगातार १३ दिन लड़की या लड़का जल चढ़ाए तो शादी की रुकावट दूर हो जाती है।

विवाह में अप्रत्याशित विलम्ब हो और जातिकाएँ अपने अहं के कारण अनेल युवकों की स्वीकृति के बाद भी उन्हें अस्वीकार करती रहें तो उसे निम्न मन्त्र का १०८ बार जप प्रत्येक दिन किसी शुभ मुहूर्त्त से प्रारम्भ करके करना चाहिए।

"सिन्दूरपत्रं रजिकामदेहं दिव्ताम्बरं सिन्धुसमोहितांगम् सान्ध्यारुणं धनुः पंकजपुष्पबाणं पंचायुधं भुवन मोहन मोक्षणार्थम क्लौं मन्यथाम।
महाविष्णुस्वरुपाय महाविष्णु पुत्राय महापुरुषाय पतिसुखं मे शीघ्रं देहि देहि।।"

किसी भी लड़के या लड़की को विवाह में बाधा आ रही हो यो विघ्नकर्ता गणेशजी की उपासना किसी भी चतुर्थी से प्रारम्भ करके अगले चतुर्थी तक एक मास करना चाहिए।

इसके लिए स्फटिक, पारद या पीतल से बने गणेशजी की मूर्ति प्राण-प्रतिष्टित, कांसा की थाली में पश्चिमाभिमुख स्थापित करके स्वयं पूर्व की ओर मुँह करके जल, चन्दन, अक्षत, फूल, दूर्वा, धूप, दीप, नैवेद्य से पूजा करके १०८ बार "ॐ गं गणेशाय नमः" मन्त्र पढ़ते हुए गणेश जी पर १०८ दूर्वा चढ़ायें एवं नैवेद्य में मोतीचूर के दो लड्डू चढ़ायें।

## एएसपी रैंक के 16 आईपीएस अधिकारियों को मिली नई तैनाती

एजेंसी | लखनऊ

डीजीपी मुख्यालय ने बुधवार को सहायक पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात वर्ष 2021 बैच के 16 आईपीएस अधिकारियों को नई तैनाती प्रदान की है। कई अधिकारियों को उनके वर्तमान तैनाती स्थल पर ही पद के अनुरूप तैनात किया गया है।

## बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू

एजेंसी | प्रयागराज



यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन बुधवार से शुरू हो रहा है। इसके लिए प्रदेशभर में 261 मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं। यह प्रक्रिया 19 मार्च से 2 अप्रैल तक चलेगी, जिसमें कुल 2 करोड़ 96 लाख 93 हजार 855 कॉपियों का मूल्यांकन किया जाएगा। यूपी बोर्ड के सचिव भगवती प्रसाद ने बताया कि परिणाम अप्रैल के अंत तक घोषित करने का लक्ष्य है। यदि किसी कारणवश देरी हुई तो मई के पहले सप्ताह तक रिजल्ट जारी कर दिया जाएगा।

## संग्राहकों से तेंदूपत्ता सीधे खरीदेगी सरकार

एजेंसी | बस्तर

छत्तीसगढ़ के बस्तर में हरा सोना यानी तेंदूपत्ता जंगलों में रहने वाले आदिवासियों की आय का बड़ा स्त्रोत है। विष्णुदेव साय सरकार ने पिछले साल तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए प्रति बोरा मानक दर 4 हजार रुपए से बढ़ाकर 5500 रुपए तय किया था। साथ ही साथ तेंदूपत्ता को समितियों के माध्यम से खरीदा था।लेकिन इस बार एक कदम आगे बढ़ते हुए शासन ने संग्राहकों से सीधा तेंदूपत्ता खरीदने का प्लान तैयार किया है। जिससे शासन और संग्राहकों के बीच बिचौलियों खत्म हो जाएंगे। जिसका सीधा लाभ तेंदूपत्ता संग्राहकों को होगा। बिचौलिये और ठेकेदार खत्म होने से जहां एक ओर संग्राहकों को सीधी राशि बैंक अकाउंट में मिलेगी,वहीं दूसरी ओर नक्सलियों की फंडिंग भी रुकेगी।क्योंकि कई मौकों पर देखा गया है कि ठेकेदार प्रभुत्व कायम करने के लिए नक्सलियों का समर्थन लेते थे।इसके एवज में उन्हें फंड मुहैया करवाया जाता था।लेकिन तेंदूपत्ता की सीधी खरीदी होने से संग्राहक ही लाभ में रहेंगे।

## बीमा भारती के पति के बाद अब बेटे ने किया कोर्ट में सरेंडर

एजेंसी | पूर्णिया



जिले के भवानीपुर में चर्चित हार्डवेयर व्यवसायी गोपाल यादुका हत्याकांड के मुख्य आरोपी और बिहार सरकार की पूर्व मंत्री बीमा भारती के पुत्र राजा कुमार ने पूर्णिया न्यायालय में सरेंडर कर दिया है। इससे पहले राजा कुमार के पिता और भवानीपुर के पूर्व प्रखंड प्रमुख अवधेश मंडल ने भी इसी मामले में पुलिस के बढ़ते दबाव के चलते कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था। पूर्णिया के रुपौली चर्चित गोपाल यादुका हत्याकांड मामले में पूर्व विधायक बीमा भारती के बेटे राजा पिछले 7 मार्च को पुलिस की दबिश को देखकर आत्मसमर्पण किया। गोपाल यादुका के मर्डर में पैसे देकर शूटर बुलाने का राजा पर आरोप था। राजा कुमार के सरेंडर किए जाने की पुष्टि भवानीपुर के थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने की है। हत्याकांड में नाम आने के बाद से वह फरार चल रहा था।

# ऑर्डिनेंस फैक्ट्री का मैनेजर निकला पाकिस्तान का एजेंट

- एटीएस ने कानपुर से किया गिरफ्तार
- पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई के लिए कर रहा था काम

एजेंसी | कानपुर



कानपुर से एक पाकिस्तान का जासूस गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कुमार विकास के रूप में हुई है। वह कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री में मैनेजर था। मिली जानकारी के अनुसार एटीएस ने बीते दोनों फिरोजाबाद से रविंद्र कुशवाहा नामक एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उससे हुई पूछताछ के बाद अब एटीएस ने कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के जूनियर वर्क्स मैनेजर कुमार विकास को गिरफ्तार किया है।

### लूडो एप का इस्तेमाल किया जाता था

उक्त कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा (छद्म नाम) द्वारा खुद को भारत हैवी इलेक्ट्रानिक लिमिटेड में कार्य करना बताकर व्हाट्सएप मैसेंजर पर बातचीत कर मोबाइल नंबर साझा किए गए। अभियुक्त कुमार विकास द्वारा पाकिस्तानी कथित एजेंट नेहा शर्मा से गोपनीय रूप से वार्ता करने के लिए लूडो एप का इस्तेमाल किया जाता था।

### जनवरी 2025 में पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में आया था

एटीएस उत्तर प्रदेश द्वारा सूचना की गहनता से जांच व अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि कुमार विकास पुत्र अशोक कुमार निवासी थाना सट्टी, जनपद कानपुर देहात कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्टरी में जूनियर वर्क्स मैनेजर के पद पर नियुक्त है। यह जनवरी 2025 में कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से फेसबुक के माध्यम से संपर्क में आया था।

### गोपनीय जानकारियां एजेंट को भेजीं

कथित एजेंट के कहने पर पैसों के लालच में अभियुक्त कुमार विकास द्वारा आर्डिनेंस फैक्टरी के डॉक्यूमेंट्स, उपकरणों व निर्माण होने वाले गोला बारूद, कानपुर के कर्मचारियों की अटेन्डेंस शीट, ऑर्डिनेंस फैक्टरी कानपुर के अंदर मशीनें व ऑर्डिनेंस फैक्टरी कानपुर की प्रोडक्शन संबंधी चार्ट आदि की महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा को भेजी गई है।

## सीएम योगी ने कमांड सेंटर का किया निरीक्षण



- जनहित कार्यों में लापरवाही को बताया अस्वीकार्य

एजेंसी | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही को अस्वीकार्य बताते हुए कहा कि प्रदेश में अच्छे और कर्मठ लोगों की कोई कमी नहीं है, उन्हें प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। बुधवार को उन्होंने लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित सीएम कमांड सेंटर का निरीक्षण किया और प्रदेशभर की विभिन्न योजनाओं और विभागों के प्रदर्शन की समीक्षा की।

### सख्त मॉनीटरिंग के निर्देश

सीएम योगी ने स्पष्ट किया कि विभागों और योजनाओं की मॉनीटरिंग केवल तीन श्रेणियों—ए, बी और सी—में की जाए। इसके तहत प्रतिदिन, अल्टरनेट दिनों, साप्ताहिक और पाक्षिक समीक्षा की जाए। जनपद स्तर पर अधिकारियों की तैनाती हो, जो रिपोर्ट्स के डेटा की सटीकता सुनिश्चित करें। महीने में एक बार मंत्री स्तर पर समीक्षा कर रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। उन्होंने वरासत और लैंड यूज जैसी सुविधाओं में समय सीमा के पालन पर भी जोर दिया।

### फ्लैगशिप योजनाओं की रैंकिंग प्रणाली

सीएम योगी ने बताया कि प्रदेश की फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति ट्रैक करने के लिए रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है, जिसमें क्वालिटी और स्पीड प्राथमिकता होगी। कमजोर परफॉर्मेंस वाले विभागों को सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि नंबरों पर नहीं, बल्कि गुणवत्ता और पारदर्शिता पर फोकस होना चाहिए।

### ओडीओपी को मिलेगा बढ़ावा

मुख्यमंत्री ने एमएसएमई विभाग को निर्देश दिया कि 'एक जनपद, एक उत्पाद' (ODOP) योजना को और आगे बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि इसमें जनपदों के विशिष्ट खाद्य उत्पादों को भी जोड़ा जा सकता है, जिससे स्थानीय उद्योगों को लाभ मिलेगा।

## शिक्षा विभाग में जीपीएफ घोटाला

- 5 करोड़ की हुई हेराफेरी
- 11 बीएसए समेत 61 अधिकारियों पर केस दर्ज

एजेंसी | अलीगढ

शिक्षा विभाग में वर्ष 2003 से 2013 के बीच शिक्षकों के सामान्य भविष्य निधि (GPF) खातों में बड़ा घोटाला सामने आया है। इस घोटाले में 520 शिक्षकों के नाम पर डमी खाते खोलकर 5 करोड़ रुपये से अधिक की हेराफेरी की गई। मामले की जांच के बाद अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा के निर्देश पर बीएसए डॉ। राकेश कुमार सिंह ने मंगलवार को 11 बीएसए समेत 61 अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। उन्होंने इसकी पुष्टि भी कर दी है।

### 10 वर्षों तक चला घोटाला




जांच में सामने आया कि 2003 से 2013 के बीच 520 शिक्षकों के नाम पर फर्जी खाते खोले गए। इन खातों में कुल 4 करोड़ 92 लाख 39 हजार 749 रुपये का लेन-देन किया गया। दिलचस्प बात यह है कि इनमें से कई शिक्षक खुद इस मामले से अनजान थे। वे न तो अपने खातों में पैसे जमा करवाते थे और न ही बीएसए कार्यालय जाकर इसकी जानकारी लेते थे।

### शिक्षक के खाते में 35 बार जमा हुए 34 लाख

घोटाला तब उजागर हुआ, जब टप्पल के शिक्षक जगदीश प्रसाद के खाते में 35 बार में कुल 34 लाख रुपये भेजे गए। जब उन्होंने इस पर आपत्ति जताई तो मामला खुला और जांच शुरू हुई। जांच में सामने आया कि अधिकारियों और पटल लिपिकों ने हेराफेरी को छिपाने के लिए कई दस्तावेज गायब कर दिए थे।


## सीएम हेमंत सोरेन की गढ़वा को बड़ी सौगात



**गढ़वा।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को गढ़वा जिले को 182 करोड़ रुपए से अधिक की सौगात दी। उन्होंने 182 करोड़ 73 लाख 08 हजार रुपए की विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। बंशीधर महोत्सव के मौके पर उन्होंने बड़ा तोहफा दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार ने बंशीधर महोत्सव का पैमाना बढ़ाने का संकल्प लिया है। अब यह महोत्सव राजकीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है।

हल्द्वानी फईम मर्डर केस

## परिजनों ने की सीबीआई जांच की मांग



**नैनीताल।** हल्द्वानी के बनभूलपुरा हिंसा में गोली लगने से हुई फईम की मौत के मामले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर दायर याचिका पर उत्तराखंड हाईकोर्ट ने सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र और न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने राज्य सरकार से मामले की प्रगति रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया है।

### क्या है पूरा मामला?

8 फरवरी 2024 को बनभूलपुरा हिंसा के दौरान फईम की गोली लगने से मौत हो गई थी। परिवार ने पुलिस और प्रशासन से कई बार जांच की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, नैनीताल ने 6 मई 2024 को पुलिस को अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच के निर्देश दिए थे, लेकिन पुलिस ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद फईम के भाई परवेज ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सीबीआई जांच और परिवार की सुरक्षा की मांग की।

## बिहार में कांग्रेस से आरजेडी परेशान



**पटना।** बिहार में साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन में शामिल कांग्रेस अपनी सहयोगी आरजेडी को लगातार झटका दे रही है।


कांग्रेस ने मंगलवार देर शाम अखिलेश प्रसाद सिंह को प्रदेश अध्यक्ष पद से हटाकर राजेश कुमार को पार्टी का सौंप दिया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस ने पहली बार ऐसा कोई फैसला लिया है जिससे आरजेडी असहज महसूस कर रही है। इससे पहले कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार के नेतृत्व में पार्टी ने पूरे बिहार में पलायन रोको यात्रा शुरू किया है। जिसकी वजह से भी आरजेडी के नेता परेशान है। इसके बावजूद हालांकि मुख्य विपक्षी दल के नेता खुलकर कुछ बोल नहीं रहे हैं।




# सेंसेक्स 75,449 पर बंद, निफ्टी 73 अंक चढ़ा

- NSE के सरकारी बैंक और रियल्टी सेक्टर तेजी, IT में गिरावट रही
- निवेशकों को 5.10 लाख करोड़ का मुनाफा

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी जारी रही। बाजार खुलने के शुरुआती घंटे में बिकवाली का दबाव देखा गया, लेकिन जल्द ही खरीदारी का दौर शुरू हो गया। इस उछाल के चलते निफ्टी 22,900 के पार पहुंचने में सफल रहा। दिनभर के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.20% और निफ्टी 0.32% की बढ़त के साथ बंद हुए।



### निवेशकों की कमाई में बड़ा इजाफा

आज बाजार में आई मजबूती से स्टॉक मार्केट में निवेशकों की संपत्ति में 5.10 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 404.95 लाख करोड़ रुपये हो गया। पिछले कारोबारी दिन (399.85 लाख करोड़ रुपये) की तुलना में इसमें 5.10 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि दर्ज की गई।

### किन सेक्टर्स में दिखी तेजी?

रियल्टी, डिफेंस और पीएसयू सेक्टर में सबसे ज्यादा खरीदारी रही। मेटल, इंफ्रास्ट्रक्चर, बैंकिंग, ऑटो और हेल्थकेयर इंडेक्स भी मजबूती के साथ बंद हुए। आईटी, टेक और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली जारी रही। बीएसई मिडकैप इंडेक्स 2.28% और स्मॉलकैप इंडेक्स 2.17% की तेजी के साथ बंद हुए।

### बाजार का उतार-चढ़ाव

सेंसेक्स 171.91 अंक ऊपर 75,473.17 पर खुला, शुरुआती गिरावट के बाद दिनभर की ऊंचाई 75,568.38 तक पहुंचा। अंत में 147.79 अंकों की तेजी के साथ 75,449.05 पर बंद हुआ। निफ्टी 40.65 अंक की मजबूती के साथ 22,874.95 पर खुला और 22,940.70 तक पहुंचा। अंतिम घंटे में थोड़ी गिरावट के बाद 73.30 अंकों की बढ़त के साथ 22,907.60 पर बंद हुआ।

# 4,600 करोड़ का आईपीओ लाएगी फिजिक्सवाला

- एडटेक कंपनी ने सेबी के पास DRHP फाइल किया
- 32,000 करोड़ हो सकती है वैल्यूएशन

दोपहर संवाददाता | मुंबई

डोमेस्टिक एडटेक कंपनी फिजिक्सवाला (PW) ने इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग यानी IPO के लिए सिक्योरिटी मार्केट रेगुलेटर SEBI के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) प्री-फाइल किया है। एडटेक फर्म इस IPO के जरिए 4,600 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। इस IPO में नए इश्यू और मौजूदा निवेशकों के ऑफर फॉर सेल (OFS) का मिक्सचर होगा।




### दो राउंड में 2700 करोड़ जुटा चुकी है कंपनी

इससे पहले PW दो फंडिंग राउंड में टोटल 2,700 करोड़ रुपए जुटा चुकी है। पहला राउंड जून 2022 में करीब 882 करोड़ रुपए था। दूसरे राउंड में कंपनी ने सितंबर 2024 में 24,224 करोड़ रुपए के वैल्यूएशन पर 1,817 करोड़ रुपए जुटाए थे।

### कंपनी में 8 इंस्टीट्यूशनल और एक एंजल इन्वेस्टर

ट्रैक्सन के डेटा के अनुसार, फिजिक्सवाला में वेस्टब्रिज कैपिटल, हॉर्नबिल कैपिटल और लाइटस्पीड वेंचर पार्टनर्स सहित टोटल 8 इंस्टिट्यूशनल इन्वेस्टर्स हैं। इनमें वेस्टब्रिज कैपिटल सबसे बड़ा निवेशक है।

## हीरो मोटोकॉर्प में 6 सीनियर एग्जिक्युटिव्स के इस्तीफे

- सख्त रुख के चलते छोड़ी कंपनी

नई दिल्ली। भारतीय टू-व्हीलर मेकर हीरो मोटोकॉर्प में बड़े स्तर पर सीनियर एग्जिक्युटिव्स कंपनी छोड़ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभी तक 6 से ज्यादा सीनियर ऑफिसर्स इस्तीफा दे चुके हैं। हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन पवन मुंजाल ने पिछले महीने ग्लोबल टाउनहॉल में करीब 5,000 कर्मचारियों को स्पीच दी थी और कहा था, 'मैं आप सब पर नजर रख रहा हूं'। कंपनी के कर्मचारियों ने बताया कि इस बयान को कई लोगों ने अंडरपरफॉर्मेंस पर सख्त रुख माना है।

### पहले भी हो चुके हैं इस्तीफे

इससे पहले फरवरी में हीरो मोटोकॉर्प के सीईओ निरंजन गुप्ता और चीफ बिजनेस ऑफिसर रंजीवजीत सिंह ने भी कंपनी को अलविदा कह दिया था। हाल ही में इस्तीफा देने वाले कई अधिकारी गुप्ता और सिंह के द्वारा हीरो में लाए गए थे। हीरो मोटोकॉर्प ने इस्तीफों पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

## वोडाफोन आइडिया का शेयर 8% चढ़ा




**नई दिल्ली।** टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया लिमिटेड यानी VI के शेयर में 19 मार्च को 8% की तेजी देखने को मिली। कंपनी का शेयर 8.59% बढ़कर डे हाई 7.71 रुपए पर पहुंच गया था। हालांकि, कारोबार बंद होने पर VI का शेयर 5.07% बढ़कर 7.46 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी के शेयर में यह तेजी VI के मुंबई में 5G सर्विसेज के लॉन्च करने के ऐलान के बाद आई है। इसके अलावा VI ने यह भी बताया कि वह ईलॉन मस्क की कंपनी स्टारलिंक और अमेजन की कुइपर के साथ भारत में सैटकॉम पार्टनरशिप के लिए भी बात कर रही है। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि इस 5G रोलआउट से ग्राहकों को बड़े स्तर पर नेटवर्क कवरेज और कम कीमतों पर बेहतर मोबाइल एक्सपीरियंस मिलेगा।

पिछले 5 दिन में VI का शेयर 8.65% चढ़ा है। बीते एक महीने में कंपनी का शेयर 7.71%, छह महीने में 26.20% और एक साल में 40.39% गिरा है।

## रेज पावर इंफ्रा को मिलीं ईपीसी परियोजनाएं




**नई दिल्ली।** सौर ऊर्जा समाधान प्रदाता रेज पावर इंफ्रा लिमिटेड ने महाराष्ट्र, राजस्थान और मध्य प्रदेश में 2,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) परियोजनाएं हासिल की हैं। कंपनी ने बताया कि असम और मध्य प्रदेश में 1,600 करोड़ रुपये मूल्य की ईपीसी परियोजनाओं के लिए उसे एल1 बोलीदाता घोषित किया गया है और अब लेटर ऑफ अवार्ड (एलओए) का इंतजार है। कंपनी के प्रबंध निदेशक केतन मेहता ने कहा कि हमारी हालिया बोली जीत अक्षय ऊर्जा क्षेत्र में हमारी मजबूत उपस्थिति को दर्शाती है। सौर और हाइब्रिड अक्षय समाधानों की तैनाती में तेजी लाने के लिए हम पूरी तरह से प्रतिबद्ध हैं।

## स्टील आयात पर 12% सेफगार्ड ड्यूटी लगाने की तैयारी



**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने चीन समेत अन्य देशों से सस्ते स्टील आयात को रोकने के लिए 12% सुरक्षा शुल्क (सेफगार्ड ड्यूटी) लगाने का फैसला किया है। यह कदम डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडीज (डीजीटीआर) द्वारा लिया गया है, जिसकी स्वीकृति वित्त मंत्रालय से मिलने के बाद इसे लागू किया जाएगा।

## न्यूज़ ब्रीफ



### भारतीयों में जीत की मानसिकता जरूरी : हेनरिच पोपोव

एजेंसी | नई दिल्ली

पूर्व विश्व चैंपियन और पैरालंपिक स्वर्ण पदक फर्राटा धावक हेनरिच पोपोव का मानना है कि भारतीय खिलाड़ियों में प्रतिभा है लेकिन लगातार दबदबा बनाने के लिए उन्हें जीत की मानसिकता से खेलना होगा। पैरालंपिक, विश्व और यूरोपीय चैंपियनशिप में 27 पदक जीत चुके जर्मनी के 41 वर्षीय पोपोव ने बुधवार को कहा, मानसिक अवरोध आपकी प्रगति रोक देता है। कई बार आप किसी अमेरिकी खिलाड़ी से बात करें तो आपको पता चलेगा कि वह पदक के लिए तैयार ही नहीं है बल्कि स्वर्ण की बात कर रहा है। दिव्यांगता भी मानसिकता से जुड़ी है। आपको पदकों से इतर सोचना होगा। खुद को इतना बड़ा बनाने के बारे में सोचना होगा कि दुनिया को पता चले कि आप छिप नहीं रहे हैं।



### त्रीसा-गायत्री की जोड़ी दूसरे दौर में, पुरुष एकल में भारतीय चुनौती मजबूत

स्विस ओपन 2025

एजेंसी | बासेल

भारतीय महिला युगल जोड़ी त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्विस ओपन 2025 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। विश्व नंबर 9 भारतीय जोड़ी ने स्विट्जरलैंड की एलाइन मुलर और नीदरलैंड की केली वान बुइटन को 21-16, 21-17 से हराया। केवल 32 मिनट में जीत दर्ज कर वे अगले दौर में जर्मनी की सेलिन हब्सच और एमेली लेहमैन से भिड़ेंगी। अन्य भारतीय जोड़ियां पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। अयुष शेट्टी (रैंक 44) ने इंग्लैंड के चोलन कायन (21-12, 21-15) और फ्रांस के राफेल गावियोस (21-6, 21-8) को हराकर अंतिम 32 में जगह बनाई। अब जापान के केंटा निशिमोटो (2018 एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता) से मुकाबला होगा। संकर मुथुसामी (रैंक 64) ने इंग्लैंड के यूहेन वांग (21-13, 21-4) और थरुण मानेपाल्ली (21-7, 21-10) को हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया।

# सूर्यकुमार संभालेंगे पहले मैच में मुंबई की कमान

- चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे हार्दिक
- धीमी ओवर गति के चलते पिछले सत्र में उन पर लगा था एक मैच का प्रतिबंध



'मैं भाग्यशाली हूं कि मेरे साथ तीन कप्तान खेल रहे हैं, रोहित, सूर्यकुमार और बुमराह। वे हमेशा मेरा समर्थन करते हैं और जब भी मुझे किसी मदद की जरूरत होती है तो वे हमेशा मौजूद रहते हैं।'
– हार्दिक पांड्या, कप्तान मुंबई

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई इंडियंस के नियमित कप्तान हार्दिक पांड्या पहले मुकाबले में नहीं खेल पाएंगे, जिससे सूर्यकुमार यादव को कप्तानी का मौका मिला है। मुंबई इंडियंस का आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला 23 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होगा। हार्दिक पांड्या को पिछले सीजन में धीमी ओवर गति के उल्लंघन के चलते एक मैच के लिए निलंबित किया गया है। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी पुष्टि की।

### तीन बार लगा था जुर्माना

पिछले सत्र में हार्दिक पर तीन बार स्लो ओवर रेट का जुर्माना लगा था। लखनऊ के खिलाफ टीम के अंतिम मैच में हार्दिक 30 लाख का जुर्माना और एक मैच का प्रतिबंध लगा था। नियम के अनुसार पहली बार कोई कप्तान ऐसा करता है तो उस पर 12 लाख जुर्माना लगता है। दूसरी बार ऐसा करने पर जुर्माना डबल हो जाता है। तीसरी बार ऐसा होने पर कप्तान को एक मैच के लिए प्रतिबंध कर दिया जाता है।

### सूर्यकुमार यादव को मिला मौका

भारतीय टी-20 टीम के उपकप्तान सूर्यकुमार यादव हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 से टी-20 सीरीज जीत चुके हैं। हालांकि, उनकी बल्लेबाजी फॉर्म पांच मैचों में सिर्फ 38 रन के साथ संघर्षपूर्ण रही।

### हार्दिक पांड्या ने दी प्रतिक्रिया

हार्दिक ने कहा कि यह मेरे नियंत्रण से बाहर है। पिछले सत्र में जो हुआ, वह खेल का हिस्सा था। हमने आखिरी ओवर में थोड़ा अधिक समय लिया, और मुझे इसके नतीजे का अंदाजा नहीं था। लेकिन नियमों का पालन करना जरूरी है। सूर्यकुमार पहले भी भारतीय टीम की कप्तानी कर चुके हैं, इसलिए वह इस भूमिका के लिए उपयुक्त हैं।

### बुमराह का नहीं होना एक चुनौती : जयवर्धने

मुंबई के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने जसप्रीत बुमराह की प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए कोई समय सीमा नहीं बताई। उन्होंने कहा कि इस तेज गेंदबाज की अनुपस्थिति आईपीएल 2025 में उनकी टीम के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। बुमराह पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट के शुरुआती कुछ मैच में नहीं खेल पाएंगे। वह अभी बेंगलुरु में बीसीसीआई के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया में हैं। जयवर्धने ने कहा, बुमराह एनसीए में हैं।

### इंपेक्ट प्लेयर पूरी तरह ऑलराउंडर हो : हार्दिक



मुंबई के कप्तान हार्दिक ने कहा कि अब जब विवादास्पद इंपेक्ट प्लेयर नियम तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया है तो एक क्रिकेटर को शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए शुद्ध रूप से ऑलराउंडर होना चाहिए। यह नियम एक टीम को मैच के बाद के चरण में अपनी अंतिम एकादश में से एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। टीमें स्थिति की मांग के अनुसार बल्लेबाजी या गेंदबाजी विशेषज्ञ को लाती हैं। बीसीसीआई ने रोहित सहित कुछ मुख्य भारतीय खिलाड़ियों की आपत्तियों के बावजूद इस नियम को 2027 तक बढ़ा दिया है।

## धोनी की चमक फिर देखने को मिलेगी : उथप्पा



आईपीएल डायरी

एजेंसी | बेंगलुरु

भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि आईपीएल 2024 में क्रिकेटप्रेमियों को महेंद्र सिंह धोनी के हुनर की झलक देखने को मिलेगी। पूर्व कप्तान सातवें या आठवें नंबर पर बल्लेबाजी कर सकते हैं और टीम के लिए उपयोगी पारियां खेल सकते हैं।

### संन्यास को लेकर उथप्पा ने दिया बयान

धोनी के आईपीएल 2024 के बाद संन्यास लेने की अटकलों पर उथप्पा ने कोई कयास लगाने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि जुनून कभी खत्म होता है। एमएस का खेल के लिए प्यार जरा भी कम नहीं हुआ है, इसलिए वह अब भी खेल रहे हैं।

### अभ्यास सत्र में दिखाई झलक

धोनी ने चेन्नई सुपर किंग्स (CSK) के अभ्यास सत्र में शानदार बल्लेबाजी की। उन्होंने तेज गेंदबाज मथीशा पथिराना की यॉर्कर गेंद पर सिर के ऊपर से छक्का लगाया, जिससे उनकी फॉर्म और तैयारी का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## वरुण टीम का अहम हिस्सा होंगे : नारायण

एजेंसी | कोलकाता



कोलकाता नाइट राइडर्स के अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने बुधवार को कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके लौटे वरुण चक्रवर्ती आईपीएल में टीम के स्पिन आक्रमण का अहम हिस्सा होंगे। वेस्टइंडीज के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला नारायण का केकेआर के साथ यह 14वां सत्र है। उनका मानना है कि बल्लेबाजों को हैरान करने की चक्रवर्ती की क्षमता उनकी गेंदबाजी ईकाई की सफलता की कुंजी होगी।

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग

## ओडिशा, मणिपुर और हरियाणा की शानदार जीत

एजेंसी | रांची

राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग 2024-25 के फाइनल फेज के दूसरे दिन हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा, मणिपुर हॉकी और हॉकी हरियाणा ने दमदार प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की। दिन के पहले मुकाबले में हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा ने हॉकी महाराष्ट्र को 1-0 से शिकस्त दी। पूरे मैच में कड़ी टक्कर देखने को मिली, लेकिन 57वें मिनट में दीपिका बरवा के गोल ने ओडिशा को जीत दिला दी। यह टूर्नामेंट में उनका लगातार दूसरा गोल था।



दूसरे मुकाबले में मणिपुर हॉकी ने हॉकी मध्य प्रदेश को 2-0 से हराया। पहले हाफ तक स्कोर बराबरी पर था, लेकिन 41वें मिनट में पूजा रामछूरिया और 56वें मिनट में बब्यारानी देवी संडम के गोल ने मणिपुर को जीत दिला दी।

### हरियाणा ने मिजोरम को 2-1 से हराया

दिन के तीसरे मैच में हॉकी हरियाणा ने हॉकी मिजोरम को 2-1 से मात दी। हरियाणा की ओर से सावी (44') और शशि खासा (59') ने गोल किए, जबकि मिजोरम की ओर से वनलालरिन्हलुई (57') ने एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ हरियाणा ने अपने दोनों मुकाबले जीतकर मजबूत स्थिति बना ली है।

## मुंबई के मैदानों से

### घुड़दौड़: क्रेडेंस के लिए अवसर

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

गुरुवार शाम को महालक्ष्मी रेसकोर्स पर आयोजित मुंबई घुड़दौड़ सत्र के 18वें दिन की मुख्य दौड़ द हिंदू ट्रॉफी में शाज़न शाह द्वारा प्रशिक्षित क्रेडेंस के लिए जीत के अवसर हैं। कुल सात दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। पहली दौड़ शाम 4.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- अल्फा जेन (प्र.), स्पीक द बर्डस (द्वि.), 2- ईस्टर्न मोनॉर्क (प्र.), चॉर्ली ब्रॉऊन (द्वि.), 3- गॉर्डन (प्र.), एन्ड्योरन्स (द्वि.), 4- कॉव्या (प्र.), नूरी (द्वि.), 5- एकला चोलो (प्र.), कोलाटरेल (द्वि.), 6- क्रेडेंस (प्र.), फाईटन (द्वि.), 7- चार्दीकला (प्र.), चेल्सी (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम - गॉर्डन।





### मांडवी मुस्लिम विजेता

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मांडवी मुस्लिम की टीम ने फाइनल में ओम साई क्रिकेट अकादमी को चार विकेट से पराजित करके ड्रीम 11 कप अंडर-12 के खिताब पर कब्जा कर लिया। चेंबूर स्थिति माहुल मैदान पर खेले गए मैच में जीत के लिए विपक्षी टीम द्वारा दिए गए 89 रनों के लक्ष्य को मांडवी मुस्लिम की टीम ने 27.5 ओवर छह विकेट खोकर 90 रन बनाए और खिताब पर कब्जा कर लिया। विजेता टीम के खिलाड़ियों को भारतीय टीम के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर द्वारा पुरस्कृत किया गया।

## ऋतिक रोशन की 'कृष 4' बनकर तैयार

काफी लंबे समय से दर्शक ऋतिक रोशन की सुपरहीरो फ्रैंचाइजी 'कृष' की अगली यानी चौथी किस्त का इंतजार कर रहे हैं। यह भारतीय सिनेमा की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। अब फिल्म के निर्देशक और ऋतिक के पिता राकेश रोशन ने 'कृष 4' पर मुहर लगा दी है। उन्होंने बताया कि यह फिल्म लगभग बनकर तैयार है और फिल्म की आधिकारिक घोषणा जल्द की जाएगी।



### मैं बहुत जल्द घोषणा करूंगा- राकेश

राकेश ने कहा कि 'कृष' लगभग बनकर तैयार है। मैं बहुत जल्द घोषणा करूंगा। ऋतिक 2025 की गर्मियों में फिल्म की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। कहा जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग का पहला शेड्यूल ऋतिक के साथ मुंबई में शुरू होगा। इसके बाद यूरोप में कुछ हिस्से की शूटिंग की जाएगी। 'कृष 4' के लिए ऋतिक पिता राकेश रोशन और निर्देशक करण मल्होत्रा के साथ सहयोग कर रहे हैं।

### 'कोई मिल गया' से हुई थी 'कृष' की शुरुआत

कई लोगों के मन में यह सवाल हो सकता है कि 'कृष' की शुरुआत हुई कहां से? 2003 में राकेश रोशन के निर्देशन में साइंस फिक्शन फिल्म 'कोई.... मिल गया' रिलीज हुई। इस फिल्म ने बॉलीवुड को एक नया सुपरहीरो दिया। 'कोई मिल गया' के बाद पैदा हुआ 'कृष', जिसका कमाल हमें फिल्म 'कृष' में देखने को मिला। राकेश रोशन ने 'कृष 3' के लिए लंबा इंतजार करवाया। 2006 में 'कृष' की सफलता के बाद 'कृष 3' 2013 में आई।



## 'डेसिबल' के साथ बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी सिंगर डॉट

'द आर्चीज' के लिए मशहूर सिंगर-अभिनेत्री डॉट. उर्फ अदिति सैगल आगामी साइंस-फिक्शन थ्रिलर फिल्म 'डेसिबल' में अभिनय करेंगी। विनीत जोशी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में सनी सिंह भी हैं। इसे विन जोस प्रोडक्शंस ने प्रोड्यूस किया है। 'डेसिबल' डॉट की पहली बड़ी फिल्म है। डॉट ने इस फिल्म को लेकर अपनी खुशी जाहिर की और कहा कि वह इसके लिए इंतजार नहीं कर सकती हैं।



### डॉट ने जाहिर की खुशी

डॉट ने एक बयान में कहा, 'एक संगीतकार के रूप में साउंड मेरे लिए पहले से ही बहुत जादुई और महत्वपूर्ण है, इसलिए जब मैंने 'डेसिबल' के बारे में सुना, जो अतीत को उजागर करने के लिए साउंड का उपयोग करने के बारे में एक कहानी है तो मुझे कहानी कहने के तरीके के रूप में इसमें तुरंत दिलचस्पी हो गई। यह एक बेहतरीन कहानी है, जिसके लिए मैं इंतजार नहीं कर सकती और दर्शकों के सामने यह फिल्म पेश करने के लिए उत्सुक हूं।'

### फिल्म की कहानी

डेसिबल साइंस फिक्शन थ्रिलर है। निर्माताओं के अनुसार, डेसिबल एक शोध वैज्ञानिक और उसके साथी की यात्रा पर आधारित है, जो डेसिबल के माध्यम से मानवीय रिश्तों की पेचीदगियों को समझते हैं। डेसिबल एक ऐसा डिवाइस है, जो अतीत से ध्वनि निकालने में सक्षम है। साइंस-फिक्शन थ्रिलर 'डेसिबल' के साथ डॉट बड़े पर्दे पर डेब्यू करेंगी। विनीत जोशी द्वारा निर्देशित इस फिल्म में डॉट सनी सिंह के साथ नजर आएंगी।



## अनुराग कश्यप ने नेटफ्लिक्स इंडिया को लताड़ा

अनुराग कश्यप का नाम उन निर्देशकों में शुमार हैं, जो अपनी दो टूक बयानबाजी के लिए जाने जाते हैं। पिछले दिनों उन्होंने बॉलीवुड को जहरीला बताते हुए मुंबई छोड़ने की पुष्टि की और बेंगलुरु शिफ्ट हो गए। उन्होंने साफ कहा कि हिंदी सिनेमा सिर्फ नंबर पर चलता है। यहां कंटेंट की कोई जगह नहीं है। बॉलीवुड को खरी-खोटी सुनाने के बाद अब अनुराग का नेटफ्लिक्स इंडिया और नेटफ्लिक्स इंडिया के बॉस पर गुस्सा फूटा है।

### 'एडोलेसेंस' की तारीफ में कही ये बड़ी बात

अनुराग ने इंस्टाग्राम पर ब्रिटिश नेटफ्लिक्स सीरीज 'एडोलेसेंस' की तारीफ में लिखा, 'मैं हैरान हूं और मुझे जलन हो रही है कि कोई ऐसा शो भी बना सकता है। बाल कलाकार ओवेन कूपर और पिता की भूमिका में स्टीफन ग्राहम का प्रदर्शन अद्भुत है, जो इसके सह-निर्माता भी हैं। इस शो में जितनी मेहनत की गई है, मैं उसकी कल्पना भी नहीं कर सकता। उन्होंने हर एपिसोड को एक ही शॉट में शूट करने के लिए कितनी तैयारी की होगी।' अनुराग ने नेटफ्लिक्स के CEO टेड सारानडोस और चीफ कंटेंट ऑफिसर बेला बजरिया को दोगला बताते हुए उन्हें खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने लिखा, 'अब मैं अपनी बात करता हूं। टेड सारानडोस ने कुछ दिनों पहले एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने कहा था, 'हमारे पास कभी-कभार ऐसे लोग आ जाते हैं, जो नए तरह के कंटेंट को दिखाते हैं।

## रोमांटिक के साथ कॉमेडी फिल्मों में भी हाथ आजमाना चाहते हैं जयदीप

राजस्थान की राजधानी जयपुर में हाल ही में आईफा अवॉर्ड्स की रजत जयंती यानी 25वां संस्करण आयोजित हुआ। बॉलीवुड के बड़े-बड़े सितारों से सजा यह समारोह बेहद खास रहा। इसी मौके पर मशहूर अभिनेता जयदीप अहलावत से पूछा गया कि कुछ दिनों पहले उन्होंने कहा था कि वह कोई रोमांटिक किरदार निभाना चाहते हैं, लेकिन अब तक उन्हें किसी ने अप्रोच नहीं किया है। इस पर अभिनेता ने कहा कि हां मैं ऐसा किरदार निभाना चाहता हूं। कई तरह की टिप्स मिल रही हैं। यहां कई शेड्स हैं तो फिलहाल मैं खुश हूं कि मुझे फिल्में मिल रही हैं।



# आप नेता सत्येंद्र जैन पर भ्रष्टाचार का एक और केस



- 571 करोड़ के सीसीटीवी प्रोजेक्ट में किया घोटाला
- एंटी करप्शन ब्यूरो बोला- 7 करोड़ रिश्वत ली

एजेंसी | नई दिल्ली

एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने AAP नेता और पूर्व विधायक सत्येंद्र जैन के खिलाफ दिल्ली में 571 करोड़ रुपए के सीसीटीवी प्रोजेक्ट घोटाले में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी के आरोप लगाते हुए मामला दर्ज किया है। जॉइंट कमिशनर और ACB चीफ मधुर वर्मा के मुताबिक, सत्येंद्र जैन ने दिल्ली में सीसीटीवी कैमरे लगाने में देरी के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (BEL) पर लगाए गए 16 करोड़ रुपए के जुर्माने को मनमाने ढंग से माफ कर दिया। इसके बदले जैन ने 7 करोड़ रुपए की रिश्वत ली थी।

### BEL के अधिकारी ने गड़बड़ी की शिकायत की थी

सीसीटीवी प्रोजेक्ट में इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड कंपनी ने कैमरे इंस्टॉल करने में गड़बड़ी की थी। प्रोजेक्ट खत्म होने तक ज्यादातर कैमरे खराब पाए गए थे। सत्येंद्र जैन इस प्रोजेक्ट के नोडल ऑफिसर थे। जांच के दौरान BEL के एक अधिकारी ने गड़बड़ी की शिकायत की, जिससे आरोपों की पुष्टि हुई। आगे के सबूतों के लिए PWD और BEL के दस्तावेजों की जांच की जा रही है। अगस्त 2019 में दिल्ली के 70 विधानसभा क्षेत्रों में 1.4 लाख सीसीटीवी कैमरे लगाने में हुई देरी के कारण BEL पर ये जुर्माना पिछली AAP सरकार ने लगाया था। मामले में जुर्माना माफ करने के अलावा BEL को दूसरी बार 1.4 लाख और सीसीटीवी कैमरों के अतिरिक्त ऑर्डर देने का आरोप है।

### पहले से घोटाले के कई केस चल रहे हैं

जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग में सत्येंद्र जैन का नाम सामने आया था राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जैन के खिलाफ जमीन की खरीद-फरोख्त से जुड़े घोटाले में मनी लॉन्ड्रिंग का केस चलाने की परमिशन दे दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 14 फरवरी को राष्ट्रपति से इस मामले में मंजूरी मांगी थी। दरअसल, जिस समय यह मामला सत्येंद्र जैन के खिलाफ फ्रेम हुआ था, उस समय वे विधायक थे। जैन के मालिकाना हक वाली कई कंपनियों ने हवाला के जरिए कोलकाता के एंट्री ऑपरेटरों को कैश ट्रांसफर के बदले 4.81 करोड़ रुपए लिए। इसमें CBI ने 2017 में मामला दर्ज किया था। इसके बाद ED ने जांच शुरू की थी। इसके बाद मंत्री सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया पर दिल्ली के सरकारी स्कूलों में क्लास रूम बनाने में 1300 करोड़ रुपए के घोटाले के मामले में जांच को मंजूरी मिली। केंद्रीय सतर्कता आयोग (CVC) ने 17 फरवरी, 2020 की रिपोर्ट में 2400 से ज्यादा क्लास रूम बनाने में हुई अनियमितताओं को उजागर किया था। इसके बाद 2022 में दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने जांच की सिफारिश की और मुख्य सचिव को एक रिपोर्ट सौंपी थी।

# पुलिस हिरासत में किसान नेता डल्लेवाल

▶▶ चंडीगढ़ में बैठक के बाद लौट रहे थे खनौरी बॉर्डर, पंधेर को भी किया डिटेन



एजेंसी | चंडीगढ़

फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) की कानूनी गारंटी की मांग को लेकर शंभू और खनौरी बॉर्डर पर जारी किसान आंदोलन के बीच पुलिस ने कड़ा कदम उठाया है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। वह मंगलवार को चंडीगढ़ में केंद्र सरकार के साथ हुई बैठक में शामिल हुए थे और खनौरी बॉर्डर लौटते वक्त पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके अलावा किसान मजदूर मोर्चा के नेता सरवन सिंह पंधेर को भी पुलिस ने बनूड़ में डिटेन कर लिया है।

### इंटरनेट सेवाएं बंद, पुलिस की सख्ती बढ़ी

शंभू और खनौरी बॉर्डर के आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। अभिमन्यु कोहाड़ और काका कोटड़ा समेत अन्य किसान नेताओं को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने अभी तक इस मामले में आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

### ये किसान नेता भी गिरफ्तार

सुखविंदर कौर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) की जनरल सेक्रेटरी सुखविंदर कौर को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। वहीं भाकियू एकता आजाद के दिलबाग सिंह हरिगढ़ और बीकेएमयू के दिलबाग सिंह गिल को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### असम में बनेंगे अमेरिका जैसे राजमार्ग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में बताया कि सरकार अमेरिका जैसे राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण के लिए असम में 3 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बना रही है। गडकरी ने कहा, गुवाहाटी की रिंग रोड 5,800 करोड़ की लागत से दिसंबर 2027 तक पूरी हो जाएगी। मुझे विश्वास है कि ये सारी सड़कें बनाने के बाद हम असम के राष्ट्रीय राजमार्ग को अमेरिका के बराबर बना देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनके मंत्रालय के पास सड़क परियोजनाओं के लिए धन की कोई कमी नहीं है।

### असम में दोषसिद्धी दर ढाई गुना अधिक : गुप्ता

**गुवाहाटी।** देशभर में करीब नौ महीने पहले लागू किए गए तीन नए आपराधिक कानूनों के बाद असम में दोषसिद्धि दर पहले के मुकाबले 2.5 गुना अधिक हुई है। असम पुलिस के विशेष महानिदेशक (सीआईडी) मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने बताया कि जांच प्रक्रिया के दौरान प्रौद्योगिकी के अनिवार्य उपयोग के साथ, मुकदमों के दौरान गवाहों के मुकरने की घटनाओं में भारी कमी आई है। उन्होंने कहा कि तीन नए कानूनों के तहत मुकदमों में दोषसिद्धि दर 66 प्रतिशत है, जबकि पुराने कानूनों के तहत दर्ज मामलों में यह दर 25 प्रतिशत थी।

### जीडीपी का 1.84 प्रतिशत पहुंचा स्वास्थ्य पर खर्च

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने बताया कि स्वास्थ्य सेवा पर सरकार का खर्च जीडीपी के 1.84 प्रतिशत तक पहुंच गया है। यह 2.5 प्रतिशत के लक्ष्य की ओर लगातार बढ़ रहा है। नड्डा ने कहा, वित्त वर्ष 2013-14 में स्वास्थ्य सेवा के लिए धन का आवंटन लगभग 38,000 करोड़ रुपये था। वर्तमान में यह 99,000 करोड़ तक पहुंच गया है। देशभर में 1,75 लाख आरोग्य मंदिर चल रह हैं, जो स्वास्थ्य संस्थान के साथ मरीज का पहला संपर्क बिंदु है।




# चुराचांदपुर में पत्थरबाजी

▶▶ जोमी और हमार समुदाय के बीच टकराव, कई घायल



एजेंसी | चुराचांदपुर

मणिपुर के चुराचांदपुर जिले में जोमी और हमार जनजातियों में मंगलवार को बंद समाप्त करने की घोषणा के कुछ ही घंटे बाद फिर से हिंसा भड़क उठी। दोनों समुदायों के लोगों ने एक-दूसरे पर जमकर पथराव किए। इसमें कई लोगों के घायल हो गए। इस दौरान गोलीबारी भी हुई।भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस को आंसू गैस के गोले छोड़ने पड़े। जिला प्रशासन ने दोनों समुदायों से कानून हाथ में नहीं लेने और शांति बनाए रखने की अपील की है।

### जिला अस्पताल में भीड़ का हमला, मरीजों में दहशत

इस बीच, मंगलवार रात को भीड़ ने चुराचांदपुर जिला अस्पताल में हमला बोल दिया। गुस्साई भीड़ ने अस्पताल परिसर में जम हंगामा किया। इससे अस्पताल के कर्मचारियों और मरीजों में दहशत फैल गई। अस्पताल की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक भीड़ रात करीब 9 बजे अस्पताल परिसर में घुसी और मेडिकल कर्मचारियों को धमकाते हुए अस्पताल की कार्यप्रणाली को बाधित किया। रात करीब 11 बजे जब सुरक्षा बल अस्पताल पहुंचे तब जाकर हालात सुधरे। हिंसा के बाद अस्पताल को फिर से काम करने में कठिनाई हो रही है, क्योंकि कई कर्मचारी डर और अविश्वास के वातावरण के कारण ड्यूटी पर वापस नहीं आ पा रहे हैं। हमले के बाद बुधवार को निर्धारित सभी सर्जिकल ऑपरेशनों को ओटी कर्मचारियों और तकनीशियनों की अनुपस्थिति के कारण रद्द कर दिया गया।

मानहानि मामला

# सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान को दी राहत

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को राहत देते हुए मानहानि मामले में व्यक्तिगत पेशी से छूट जारी रखी। दरअसल कांग्रेस सांसद विवेक तन्खा ने शिवराज सिंह चौहान, मध्य प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीडी शर्मा और पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। तन्खा का आरोप है कि राजनीतिक फायदे के लिए उनकी छवि को खराब किया गया। तन्खा का कहना है कि उन्हें साल 2012 में मध्य प्रदेश पंचायत चुनाव के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण का विरोधी बताया गया।

- व्यक्तिगत पेशी से छूट जारी रखी



### 26 मार्च को अगली सुनवाई

जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस राजेश बिंदल की पीठ ने मामले पर सुनवाई 26 मार्च तक टाल दी और तब तक सुनवाई में व्यक्तिगत रूप से पेश होने में भी छूट दे दी। शिवराज सिंह चौहान की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील महेश जेठमलानी ने कहा कि तन्खा ने जिस पर आपत्ति की है, वह बयान सदन में दिया गया था और वह संविधान के अनुच्छेद 194(2) के तहत आता है। इससे पहले मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने शिवराज सिंह चौहान के खिलाफ दायर मानहानि के मामले को रद्द करने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद चौहान ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की।

## मुस्लिमों को सरकारी ठेकों में आरक्षण देने वाले विधेयक को वापस लेने की मांग





एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा में भाजपा सांसदों ने कर्नाटक सरकार द्वारा सरकारी ठेकों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण देने वाले विधेयक को वापस लेने की मांग की। भाजपा सांसदों ने इसे देश के विभाजन के समान करार दिया और विपक्षी दलों के विरोध के बीच जोरदार आपत्ति दर्ज कराई।लोकसभा के शून्यकाल के दौरान भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और तेजस्वी सूर्या ने कहा कि कांग्रेस सरकार ओबीसी कोटे में कटौती कर मुस्लिमों को लाभ दे रही है, जिससे देश का सामाजिक सद्भाव प्रभावित हो सकता है। निशिकांत दुबे ने कहा कि कांग्रेस वोट बैंक की राजनीति के लिए देश को फिर से बांटने की कोशिश कर रही है। तेजस्वी सूर्या ने आरोप लगाया कि इस विधेयक से इस्लाम में धर्मांतरण को बढ़ावा मिलेगा।

**सरकार को अवगत कराने का आश्वासन**

संसदीय मामलों के राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भाजपा सांसदों ने गंभीर मुद्दा उठाया है और संबंधित मंत्री को इसकी जानकारी दी जाएगी। इस मामले पर सियासत गरमा गई है, जहां भाजपा इसे तुष्टीकरण की राजनीति बता रही है, वहीं कांग्रेस इसे सामाजिक न्याय का हिस्सा मान रही है।

# राष्ट्रीय गोकुल मिशन से दूध उत्पादन बढ़ाने का प्रयास

### डेयरी उद्योग के लिए 6,190 करोड़ रुपये आवंटित



एजेंसी | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने डेयरी उद्योग और किसानों के हित में महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने और डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय गोकुल मिशन (RGM) और राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम (NPDD) के तहत बजट को 6,190 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया है।

रेल, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार के प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में दूध उत्पादन में 63.55% की वृद्धि हुई है। वर्ष 2013-14 में प्रति व्यक्ति दूध उपलब्धता 307 ग्राम प्रतिदिन थी, जो 2023-24 में बढ़कर 471 ग्राम प्रतिदिन हो गई है।

**दूध उत्पादन में लगातार बढ़ोतरी**

### दो प्रमुख योजनाओं को मिला बढ़ा हुआ बजट

राष्ट्रीय गोकुल मिशन का 1,000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त बजट के साथ कुल 3,400 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया गया है। राष्ट्रीय डेयरी विकास कार्यक्रम का भी 1,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आवंटन किया गया, जिससे कुल बजट 2,790 करोड़ रुपये हो गया है।

### डेयरी क्षेत्र का आधुनिकीकरण होगा

यह पहल डेयरी बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और विस्तार पर केंद्रित है। सरकार के अनुसार, डेयरी उद्योग में निवेश और नई तकनीक के इस्तेमाल से किसानों की आमदनी बढ़ेगी और दूध उत्पादन को और अधिक बढ़ावा मिलेगा।

## सब्सिडी का असली हकदारों तक पहुंचना जरूरी: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी | नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को राज्यों के विकास और गरीबी के आंकड़ों में विरोधाभास पर सवाल उठाया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि जब राज्यों से विकास के आंकड़े मांगे जाते हैं, तो वे प्रति व्यक्ति आय में तेज वृद्धि दिखाते हैं, लेकिन सब्सिडी के लिए 75% आबादी को गरीबी रेखा के नीचे (BPL) में गिनते हैं।

### 'राशन कार्ड अब लोकप्रियता कार्ड बन गया'

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ₹हमारी चिंता यह है कि गरीबों के लिए बनी योजनाओं का लाभ असली हकदारों तक पहुंच रहा है या नहीं? राशन कार्ड अब लोकप्रियता कार्ड बन गया है।₹ उन्होंने राज्यों के आंकड़ों पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी का दावा किया जाता है।

### गरीबों तक राहत नहीं पहुंच रही : प्रशांत


मामले में अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने कहा कि अमीर-गरीब के बीच की खाई लगातार बढ़ रही है। कुछ लोग बहुत अमीर हो रहे हैं, जबकि बाकियों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। प्रति व्यक्ति आय का आंकड़ा पूरे राज्य की कुल आय का औसत होता है, जिससे असल स्थिति नहीं दिखती। उन्होंने यह भी बताया कि ई-श्रम पोर्टल में दर्ज 8 करोड़ प्रवासी मजदूरों को मुफ्त राशन मिलना चाहिए।

# अंतरिक्ष यात्री सुनीता की वापसी पर झूम उठा पूरा देश

### पैतृक गांव में मनी होली-दिवाली

एजेंसी | मेहसाणा

नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के सुरक्षित धरती पर लौटने पर पूरे देश में जश्न का माहौल बन गया। मंगलवार की रात फ्लोरिडा तट के पास जब स्पेसएक्स का कैप्सूल उतरा, तो गुजरात के झूलासन गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। गांव में होली और दिवाली एक साथ मनाई गई, लोगों ने आतिशबाजी की और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा। बुधवार सुबह स्थानीय प्राथमिक स्कूल में छात्रों समेत ग्रामीणों ने गुलाल लगाकर जश्न मनाया। इस दौरान गरबा और देवी डोला माता के मंदिर तक शोभायात्रा निकाली गई।



### नौ महीने बाद लौटीं सुनीता

पिछले साल 5 जून को सुनीता ने अपने साथियों के साथ अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) के लिए उड़ान भरी थी। लेकिन तकनीकी कारणों से उनकी वापसी में देरी हुई और उन्हें 9 महीने बाद धरती पर लौटना पड़ा।

### गांव में 27 जून से जलाई गई थी अखंड ज्योति

स्थानीय प्राथमिक स्कूल के प्रधानाचार्य विशाल पांचाल ने बताया कि सुनीता की सुरक्षित वापसी के लिए 27 जून को डोला माता मंदिर में अखंड ज्योति जलाई गई थी। ग्रामीणों का मानना है कि देवी ने उनकी प्रार्थना सुन ली और सुनीता सुरक्षित घर आ गईं। इस खुशी में ग्रामीणों ने शोभायात्रा निकालकर माता का धन्यवाद जताया।

### भाई ने कहा- 'दुनिया बदल देंगी सुनीता'

सुनीता के चचेरे भाई दिनेश रावल ने कहा, सुनीता कोई साधारण इंसान नहीं हैं उनमें दुनिया बदलने की क्षमता है। जब वह लौटीं, तो हम खुशी से झूम उठे। कल तक मेरा दिल बेचैन था, लेकिन भगवान ने हमारी प्रार्थना सुनी और हमारी सुनी को सुरक्षित वापस ले आए।

## सांसद निधि को बढ़ाकर 20 करोड़ करने की मांग

एजेंसी | नई दिल्ली

राज्यसभा में बुधवार को सांसद निधि बढ़ाने का मुद्दा उठा। सपा से राज्यसभा सांसद रामगोपाल यादव ने सांसद निधि को पांच करोड़ से बढ़ाकर 20 करोड़ करने की मांग की। इस मुद्दे पर राज्यसभा सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि सदन में मुफ्त सुविधाओं, सब्सिडी जैसे मुद्दों पर व्यवस्थित चर्चा और सरकारी निवेशों के व्यापक हित के लिए राष्ट्रीय नीति बनाने की जरूरत है।



**सपा सांसद ने उठाया था यह मुद्दा**

समाजवादी पार्टी के सांसद राम गोपाल यादव की मांग का जवाब देते हुए धनखड़ ने कहा कि अगर सरकार और विपक्ष सहमत होते हैं तो वह इस मुद्दे पर एक व्यवस्थित चर्चा कराने के लिए तैयार हैं। शांतिदायक तंत्र और मनुहार के लिए दिए जाने वाले मुफ्त उपहारों को लेकर सदन को विचार-विमर्श करने की जरूरत है। मैं सदन के नेता और विपक्ष के नेता से परामर्श करने के बाद चर्चा के लिए तैयार हूं।

## बिहार कांग्रेस अध्यक्ष ने की पार्टी अध्यक्ष और राहुल गांधी से मुलाकात

▶▶ बिहार से संबंधित विषयों पर हुई चर्चा

▶▶ संगठन मजबूत करने पर जोर

एजेंसी | नई दिल्ली

बिहार के नव नियुक्त प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान पार्टी को मजबूत करने और विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा हुई। राजेश कुमार को मंगलवार शाम अध्यक्ष नियुक्त किया गया था।



### बिहार में बदलाव की जरूरत : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर राजेश कुमार से मुलाकात की तस्वीर पोस्ट करते हुए कहा कि बिहार बदलाव के लिए तरस रहा है। बिहार के युवा रोजगार चाहते हैं और बिहार की जनता असली सामाजिक न्याय की आस लगाए इंतजार कर रही है। मुलाकात के दौरान संक्षिप्त चर्चा हुई।

### राजेश कुमार का बयान

बैठक के बाद बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी से करीब 20 मिनट बात हुई। उन्होंने कहा कि मुलाकात के दौरान बिहार से संबंधित हर विषय पर चर्चा हुई। संगठन को मजबूत बनान पर भी विस्तार से चर्चा हुई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में बिहार प्रदेश में कांग्रेस का दमदार प्रदर्शन देखने को मिलेगा।